आज का विचार

सुनी बात पर भरोसा सोचकर करना चाहिए, क्योंकि कोई भी व्यक्ति आपको कहानी का वह भाग कभी नहीं सुनाएगा जहां वह स्वयं गलत था।

दैनिक
# सिटी दर्पण
आईना सच का



7

सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़। वीरवार, 5 सितंबर, 2024 | वर्ष 22, अंक 219, मूल्य: 3 रुपए | RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 | www.citydarpan.com

# हरियाणा विधानसभा के आम चुनावों के लिए आज होगी अधिसूचना जारी

## उम्मीदवार 5 सितम्बर से 12 सितम्बर, 2024 तक भर सकतेहैं नामांकन

**सिटी दर्पण**
चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री पंकज अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा विधानसभा के आम चुनावों के लिए 5 सितम्बर, 2024 को अधिसूचना जारी होगी और इसी दिन से ही नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र 12 सितम्बर, 2024 तक भरे जा सकते हैं। 13 सितम्बर, 2024 को नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी। 16 सितम्बर, 2024 तक नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मतदान 05 अक्तूबर और मतगणना 08 अक्तूबर, 2024 को होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ)/ सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम 4 लोगों को लाने की अनुमति होगी। साथ ही आरओ/एआरओ कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहन लाए जा सकते हैं। श्री पंकज अग्रवाल ने बताया कि उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी (आरओ)/सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं । उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी (आरओ), सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) अपने कार्यालय व अन्य सरकारी कार्यालयों, जहां पर लोगों का अपने कार्यों के



- नामांकन के समय उम्मीदवार को अपने साथ 4 लोगों को लाने की होगी अनुमति
- नामांकन ऑनलाइन व ऑफलाइन मोड में करवाया जा सकता है जमा
- विधानसभा क्षेत्र में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये
- नामांकन के समय उम्मीदवार को सुरक्षा राशि के रूप में करवाने होंगे 10 हजार रुपये जमा
- उम्मीदवारों को नामांकन पत्र के हल्फनामे के भरने होंगे सभी कॉलम

लिए आना-जाना रहता है वहां पर 5 सितम्बर को सुबह सूचना पट्टों पर नामांकन से सम्बंधित सूचना प्रदर्शित करें । श्री पंकज अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों को नामांकन भरने के लिए ऑफलाइन नामांकन के साथ-साथ ऑनलाइन नामांकन की सुविधा भी प्रदान की है। जो उम्मीदवार ऑनलाइन नामांकन करना चाहते हैं उन्हें ॅ३३त्र२://२४५ॉ्रॅ.ङ्ग५.ल्ल पर अपना अकाउंट बनाकर नामांकन फॉर्म भरना होगा तथा सुरक्षा राशि जमा करवाकर रिटर्निंग अधिकारी के पास नामांकन जमा करने के लिए समय का चयन करना होगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई उम्मीदवार ऑनलाइन माध्यम से नामांकन आवेदन भरता है तो उसे प्रिंटआउट लेकर इसे नोटरी से सत्यापित करवाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ रिटर्निंग अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से आवेदन जमा करना होगा। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों के लिए विधानसभा क्षेत्र में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये है।उम्मीदवारों या राजनीतिक दलों द्वारा 10 हजार रुपये से अधिक का चुनाव खर्च सभी स्थितियों में क्रॉस्ड अकाउंट पेयी चेक, ड्राफ्ट, आरटीजीएस/एनईएफटी या चुनाव के उद्देश्य से खोले गए उम्मीदवार के बैंक खाते से जुड़े किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा करना होगा।

श्री पंकज अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए नामांकन के समय उम्मीदवार को सुरक्षा राशि के रूप में 10 हजार रुपये जमा करवाने होंगे।इसके अलावा, जो उम्मीदवार अनुसूचित जाति से सम्बंधित है, उन्हें संबंधित चुनावों में आधी राशि अर्थात 5 हजार रुपए सुरक्षा राशि के रूप में जमा करवानी होगी, चाहे वह सामान्य निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहा हो या आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से।

# बेअदबी के दोषियों को मिसाली सजा दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं : भगवंत सिंह मान

## पंजाब के सीएम बोले- बेअदबी के मामले पर ताजा रिपोर्ट जल्द दाखिल की जाएगी

**सिटी दप4ण**
चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि राज्य सरकार बेअदबी की घटनाओं के दोषियों को मिसाली सजा दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इस मामले पर ताजा रिपोर्ट जल्द ही दाखिल की जाएगी। पंजाब विधानसभा सत्र के दौरान बहस में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार को बेअदबी की घटनाओं में बड़े सुराग मिले हैं और ताजा रिपोर्ट यह सुनिश्चित करेगी कि दोषियों को उनके अपराधों की मिसाली सजा मिले। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह रिपोर्ट कानूनी जांच के लिए पहले ही भेजी जा चुकी है ताकि इस अपराध के लिए जिम्मेदार लोग कानून की पकड़ से बच न निकलें। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब इस घिनौने अपराध के दोषी जेल की सलाखों के पीछे होंगे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के उलट वे इस मामले में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे।



इस संवेदनशील मामले पर नरम रुख अपनाने के लिए पिछली सरकारों की कड़ी आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सरकारों की ढिलाई के कारण ना-माफीयोग्य अपराध कर सिखों के दिलों को ठेस पहुंचाने वाले जिम्मेदार लोग अभी भी आजाद घूम रहे हैं। राज्य में बेअदबी की घटनाओं के दोषियों को सजा दिलाने के लिए अपनी सरकार की दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का यह कर्तव्य है कि घिनौने अपराध के दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि जो भी व्यक्ति अपराध में शामिल है, उसे अपराधों की कड़ी सजा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार बिना सोचे-समझे और लोगों की सलाह के बिना अपनी नीतियां लागू करती है जबकि इसके विपरीत राज्य सरकार लोगों की सलाह के साथ ही नीतियां बनाती है। उन्होंने कहा कि राज्य की कृषि नीति का खाका सभी संबंधितों के साथ सलाह-मशविरा के बाद तैयार किया जा रहा है क्योंकि औद्योगिक नीति भी उद्योगपतियों से सलाह-मशविराह के बाद लागू की गई थी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार कैबिनेट रैंक के चेयरमैन के साथ औद्योगिक सलाहकार आयोग गठित करने पर विचार कर रही है जिसमें बड़े उद्योगपति भी शामिल किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत चुनाव जल्द ही कराए जाएंगे और ये उम्मीदवार पार्टी के चुनाव चिह्न के बिना चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इससे गांवों में गुटबंदी दूर होगी और गांवों का सर्वांगीण विकास होगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार ने बड़े जनहित के लिए उम्मीदवारों को पार्टी के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ने से रोक दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी गांव सर्वसम्मति से पंचायत का चुनाव करेगा, उस गांव को 5 लाख रुपये की ग्रांट के अलावा स्टेडियम या स्कूल या अस्पताल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने वैट के लंबित मामलों के लिए एकमुश्त निपटान योजना (ओटीएस) को सफलतापूर्वक लागू किया है। उन्होंने कहा कि इस ओटीएस के माध्यम से पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले सरकार ने 164 करोड़ रुपये से अधिक कमाए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी नई ओटीएस लाई जाएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पिछली सरकारों के दौरान ऐसी एकमुश्त निपटान योजनाएं सिर्फ छलावा होती थीं क्योंकि इनका किसी को कोई लाभ नहीं मिलता था।

- सभी संबंधितों से सलाह-मशविरा कर लाई जाएगी नई कृषि नीति
- डीएपी खाद पर बेबुनियाद, गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी के लिए जाखड़ की निंदा
- पिछली सरकारों की गई ओटीएस योजनाएं महज खानापूर्ति थीं

मुख्यमंत्री ने फायर एंड इमरजेंसी सर्विस बिल पेश किया जिसे विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पास किया गया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पहल है जो राज्य में महिला सशक्तिकरण को और अधिक सुनिश्चित करने के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह बिल समय की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं देश के सामाजिक आर्थिक विकास में सक्रिय भागीदार बन सकें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि फायर ब्रिगेड स्टाफ में महिलाओं की भर्ती के लिए शारीरिक मानकों को बदलने के लिए नियमों में आवश्यक संशोधन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में से किसी ने भी इन नियमों को बदलने की जहमत नहीं उठाई क्योंकि उन्हें लोगों की समस्याओं की कोई परवाह नहीं थी। भगवंत सिंह मान ने घोषणा की कि फायर ब्रिगेड स्टाफ में लड़कियों की भर्ती करने वाला पंजाब देश का पहला राज्य होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुधार समय की आवश्यकता है क्योंकि स्काई स्क्रेपर्स और भीड़-भाड़ वाली सड़कों के मद्देनजर फायर ब्रिगेड को आधुनिक किस्म के वाहन मुहैया कराए जाने हैं।

# हरियाणा विस चुनाव के लिए भाजपा के 67 उम्मीदवार घोषित

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा से लड़ेंगे

**एजेंसी**
नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए बुधवार को 67 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लाडवा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है जबकि हाल ही में पार्टी में शामिल हुए कई लोगों को टिकट दिए गए हैं। भाजपा की ओर से केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद कई दौर की मशक्कत के बाद यह सूची जारी की गई है। इसके मुताबिक हरियाणा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ को बादली से और पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल विज को अंबाला कैंट से उम्मीदवार बनाया गया है।

हाल ही में भाजपा में शामिल हुए देवेंद्र सिंह बबली, संजय कबलाना और श्रुति चौधरी क्रमशः टोहाना, बेरी और तोशाम से चुनाव लड़ेंगे। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती सिंह अटेली से चुनाव लड़ेंगी। कैप्टन अभिमन्यु, कुलदीप बिश्नोई के बेटे भव्य बिश्नोई और पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के नाम भी इस सूची में शामिल हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव 5 अक्टूबर को होने हैं और मतों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी।

भाजपा की ओर से पहली सूची में 67 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है। भाजपा ने बाहरी दलों से आए नेताओं पर भी भरोसा जताया है। यही नहीं पंचकूला से विधायक एवं हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता अपनी सीट बचाने में कामयाब हो गए हैं। अंबाला शहर से परिवहन राज्यमंत्री असीम गोयल भी हलका बदले जाने की लटकी तलवार हट गई है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय चुनाव समिति की रायशुमारी के बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों की सूची जारी की गई।

### ये है जारी प्रत्याशियों की सूची

इनमें लाडवा से मुख्यमंत्री नायब सैनी, कालका से शक्ति रानी शर्मा, पंचकूला से विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, अंबाला कैंट से पूर्व गृह मंत्री अनिल विज, अंबाला शहर से परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल, मुलाना से संतोष सारवान, सढौरा से बलवंत सिंह, जगाधरी से कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर, यमुनानगर से विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, रादौर से श्याम सिंह राणा, शाहाबाद से सुभाष कलसाना, थानेसर से शहरी निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा, पिहोवा से कंवलजीत सिंह अजराना, गुहला-चीका से कुलवंत बाजीगर, कलायत से कमलेश ढांडा, कैथल से लीला राम गुर्जर, नीलोखेड़ी से भगवान दास कबीरपंथी, इंद्री से विधायक रामकुमार कश्यप, करनाल से जगमोहन आनंद, घरौंडा से हरविंद्र कल्याण, पानीपत ग्रामीण से महिपाल ढांडा, पानीपत शहर से प्रमोद कुमार विज, इसराना से कृष्ण लाल पंवार, समालखा से मनमोहन भड़ाना, खरखौदा से पवन खरखौदा, सोनीपत से निखिल मदान, गोहाना से डॉ. अरविंद शर्मा, सफीदों से रामकुमार गौतम, जींद से कृष्ण लाल मिड्डा, उचाना कलां से देवेंद्र अत्री, टोहाना से देवेंद्र बबली, फतेहाबाद से दूड़ाराम, रतिया से सुनीता दुग्गल, कालावांली से राजिंद्र देशुजोधा, रानियां से शीशपाल कंबोज, आदमपुर से भव्य बिश्नोई, उकलाना से अनूप धानक, नारनौंद से कैप्टन अभिमन्यु, हांसी से विनोद भ्याना, बरवाला से रणबीर गंगवा, हिसार से डॉ. कमल गुप्ता, नलवा से रणधीर पनिहार, लोहारू से जेपी दलाल, बाढ़डा से उमेद पातुवास, दादरी से सुनील सांगवान, भिवानी से घनश्याम सर्राफ, तोशाम से श्रुति चौधरी, बवानी खेड़ा से कपूर वाल्मीकि, महम से दीपक हुड्डा, गढ़ी-सांपला-किलोई से मंजू हुड्डा, कलानौर से रेणू डाबला, बहादुरगढ़ से दिनेश कौशिक, बादली से ओमप्रकाश धनखड़, झज्जर से कप्तान बिरधाना, बेरी से संजय कबलाना, अटेली से आरती सिंह राव, नांगल चौधरी से डॉ. अभय सिंह यादव, कोसली से अनिल दहिना, रेवाड़ी से लक्ष्मण सिंह यादव, बादशाहपुर से राव नरबीर सिंह, गुड़गांव से मुकेश शर्मा, सोहना से तेजपाल तंवर, पृथला से टेकचंद शर्मा, पलवल से गौरव गौतम, बल्लभगढ़ से मूलचदं शर्मा, फरीदाबाद से विपुल गोयल और तिगांव से राजेश नागर को प्रत्याशी बनाया गया है।



# पीएम मोदी ने भारत को आदर्श निवेश गंतव्य बताया

**एजेंसी**
सिंगापुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अपनी सिंगापुर यात्रा शुरू की जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय मित्रता को मजबूत करना, रणनीतिक साझेदारी को गहरा करना और दक्षिण पूर्व एशियाई देश से निवेश आकर्षित करना है।

प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा समाप्त करने के बाद सिंगापुर के अपने समकक्ष लॉरेंस वोंग के निमंत्रण पर इस दक्षिण-पूर्व एशियाई देश की अपनी पांचवीं आधिकारिक यात्रा के तहत यहां पहुंचे।



नयी दिल्ली में अधिकारियों ने बताया कि दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री सिंगापुर के नेतृत्व की तीन पीढ़ियों से संवाद करेंगे। सिंगापुर के प्रधानमंत्री वोंग ने रात्रिभोज के लिए अपने श्री तेमासेक बंगले पर मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। वोंग ने मोदी के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिंगापुर में स्वागत है। कल होने वाली आधिकारिक बैठकों से पहले आज भोजन पर उनसे मुलाकात करने का अवसर पाकर खुश हूं। मोदी ने इस पोस्ट पर अपने जवाब में कहा कि वह अपने दोस्त वोंग से मिलकर खुश हैं। उन्होंने कहा, विभिन्न मुद्दों पर बहुत अच्छी चर्चा हुई। सिंगापुर के साथ मित्रता को भारत संजोए हुए है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत-सिंगापुर की मित्रता के बंधन को मजबूती प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने सिंगापुर में अपने भव्य श्री तेमासेक बंगले पर प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदी ने ब्रुनेई से सिंगापुर पहुंचने के बाद एक्स पर कहा, सिंगापुर पहुंचा हूं। भारत-सिंगापुर मित्रता को मजबूत करने के उद्देश्य से होने वाली अनेक बैठकों को लेकर आशान्वित हूं। भारत में हो रहे सुधार और हमारी युवा शक्ति की प्रतिभा हमारे देश को एक आदर्श निवेश गंतव्य बनाती है। हम करीबी सांस्कृतिक संबंधों को लेकर भी उत्साहित हैं।

# जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना देश के सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी: राहुल गांधी

**एजेंसी**
डूरू (जम्मू कश्मीर)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना देश के सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है और आश्वासन दिया कि यदि मोदी सरकार विधानसभा चुनाव के बाद इसे बहाल करने में विफल रहती है तो केंद्र में सत्तारूढ़ होने पर इंडिया गठबंधन सरकार का यह पहला निर्णय होगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह बात जम्मू-कश्मीर के डूरू विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कही। यह श्रीनगर से 75 किलोमीटर दूर स्थित है। कांग्रेस-नेशनल कान्फ्रेंस (नेकां) गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर इस सीट से कांग्रेस महासचिव जी ए मीर चुनाव लड़ रहे हैं। गांधी ने कहा, जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना न केवल कांग्रेस पार्टी या इंडिया गठबंधन की जिम्मेदारी है, बल्कि देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी चाहती थी कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा विधानसभा चुनाव से पहले बहाल हो जाए, लेकिन भाजपा चुनाव के बाद ऐसा करना चाहती थी।



उन्होंने कहा, एक बात तो तय है कि जम्मू-कश्मीर को उसका राज्य का दर्जा वापस मिलेगा, मैं इसकी गारंटी देता हूं। या तो भाजपा इसे बहाल करेगी (चुनावों के बाद) या जब इंडिया गठबंधन (केंद्र में) अगली सरकार बनाएगी, तो यह पहला निर्णय होगा।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने कहा कि आजादी के बाद यह पहली बार है कि किसी राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बना दिया गया है, जिससे लोगों के अधिकार छिनने का रास्ता साफ हो गया।

## उत्तर प्रदेश में नवचयनित 1,334 अवर अभियन्ता, संगणक एवं फोरमैन को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम

# प्रदेश विकास के पथ पर तेजी के साथ अग्रसर, देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन चुका: योगी

**सिटी दर्पण**
लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रदेश सरकार निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मिशन रोजगार के अभियान को आगे बढ़ाते हुए, प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य के लिए तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। यह लक्ष्य अत्यन्त निकट दिखाई दे रहा है। प्रदेश में विगत साढ़े 07 वर्षों में साढ़े 06 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। इन युवाओं ने अपनी ऊर्जा तथा प्रतिभा का लाभ प्रदेश को प्रदान किया है। प्रदेश विकास के पथ पर तेजी के साथ अग्रसर होता हुआ दिखाई दे रहा है। प्रदेश देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन चुका है। साढ़े 07 वर्ष पूर्व प्रदेश, देश की सातवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में जाना जाता था। आज यह नम्बर दो की अर्थव्यवस्था बन चुका है।

मुख्यमंत्री जी आज यहां लोक भवन में विभिन्न विभागों के नवचयनित 1,334 अवर अभियन्ता, संगणक एवं फोरमैन आदि को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 18 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। यह पद लोक निर्माण, सिंचाई एवं जल संसाधन, ऊर्जा, आवास एवं शहरी नियोजन, नगर विकास, नमामि गंगे, कृषि, पंचायती राज आदि विभागों से सम्बन्धित हैं।

मुख्यमंत्री जी ने नव चयनित अभ्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध, निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से पूर्ण कर प्रदेश की युवा ऊर्जा के प्रतीक प्रतिभाशाली युवाओं को प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों का हिस्सा बनाया है। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा सभी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने की थी, लेकिन समयाभाव के कारण यह सम्भव नहीं हो सका। आज जिन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं, उनमें प्रदेश के विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले अभ्यर्थी सम्मिलित हैं। यह नियुक्ति पत्र बिना किसी भेदभाव के तथा आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए प्रदान किए गए हैं।



मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जितनी निष्ठा व ईमानदारी के साथ नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है यदि उतनी ही निष्ठा व ईमानदारी के साथ प्रत्येक कार्मिक कार्य करेगा, तो अगले तीन-चार वर्षों में प्रदेश, देश की नम्बर एक अर्थव्यवस्था होगा। जिसके परिणामस्वरूप हर हाथ को काम तथा हर चेहरे पर खुशहाली होगी। प्रत्येक बेटी सुरक्षित होगी, व्यापारी का सम्मान होगा, अन्नदाता प्रसन्न होगा तथा समाज में चहुंओर खुशहाली होगी। डबल इंजन सरकार इसी उद्देश्य के साथ बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रही है।

इस अवसर पर मिशन रोजगार से सम्बन्धित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त अभ्यर्थियों ने प्रदेश की निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के लिए मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य तथा जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने भी संबोधित किया। मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह ने स्वागत उद्बोधन किया। इस अवसर पंचायती राज मंत्री श्री ओम प्रकाश राजभर, कृषि राज्य मंत्री श्री बलदेव सिंह ओलख, जलशक्ति राज्य मंत्री श्री रामकेश निषाद, लोक निर्माण राज्य मंत्री श्री बृजेश सिंह, नगर विकास राज्य मंत्री श्री राकेश राठौर गुरु, ग्राम्य विकास राज्य मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, नवचयनित अभ्यर्थीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

GOVT. OF PUNJAB


Punjab Land of Unlimited Opportunities

# हमारे टीचर्स बनाएंगे, इंडिया को No.1

## शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं









## पंजाब शिक्षा प्रणाली की प्रमुख उपलब्धियाँ

- शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण के लिए सिंगापुर और फ़िनलैंड भेजा गया
- 12,710 शिक्षकों की नौकरी पक्की और वेतन में 2 से 4 गुना बढ़ोतरी
- 118 नए स्कूल ऑफ़ एमिनेंस की शुरुआत
- हज़ारों बच्चों का रुझान प्राइवेट स्कूल से सरकारी स्कूलों की ओर बढ़ा
- बड़े स्तर पर सरकारी यूनिवर्सिटी और स्कूलों में दाखिले

"माता-पिता के बाद शिक्षक को एक व्यक्ति के जीवन का अहम हिस्सा माना जाता है। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर मैं देश और समाज का निर्माण करने वाले सभी शिक्षकों को नमन करता हूँ। इस पर्व पर सभी शिक्षकों को मेरी शुभकामनाएं।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## संपादकीय


# भारत–आसियान साझेदारी

देश के प्रधानमंत्री की नरेंद्र मोदी की सिंगापुर दो दिवसीय यात्रा भारत-सिंगापुर साझेदारी ही नहीं ब्लकि भारत-आसियान साझेदारी के विकास में एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगी। याद रहे इस यात्रा के दौरान भारत और सिंगापुर लगभग आधा दर्जन समझौतों पर हस्ताक्षर करने वाले हैं, जिसमें सेमीकंडक्टर पारितंत्र के निर्माण पर एक महत्त्वपूर्ण समझौता भी शामिल है। यह सच है कि आसियान में भारत के सबसे बड़े व्यापार भागीदार के रूप में और FDI के एक प्रमुख स्त्रोत के रूप में सिंगापुर की स्थिति इस संबंध के आर्थिक महत्त्व को रेखांकित करती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत के लिये भी आसियान का खासा महत्त्व है। गर हम इसकी शुरूआत की बात करें तो वर्ष 1992 में भारत आसियान का 'क्षेत्रीय वार्ता साझेदार' बना, जिससे औपचारिक सहभागिता की शुरूआत हुई। तीन साल बाद भारत को 'वार्ता साझेदार' के स्तर पर पदोन्नत किया गया, जहाँ विदेश मंत्री स्तर तक वार्ता की वृद्धि हुई। इसके बाद सात सालों के बाद वर्ष 2002 में संबंधों को शिखर सम्मेलन स्तर तक उन्नत किया गया और पहला शिखर सम्मेलन (2002) आयोजित किया गया। वर्ष 2012 में नई दिल्ली में आयोजित 20-वर्षीय स्मारक शिखर सम्मेलन में वार्ता साझेदारी को रणनीतिक साझेदारी के रूप में उन्नत किया गया। वर्ष 2022 में आसियान-भारत संबंधों की 30वीं वर्षगाँठ मनाई गई, जिसे आसियान-भारत मैत्री वर्ष के रूप में नामित किया गया। इसका समापन रणनीतिक साझेदारी को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में उन्नत करने के रूप में हुआ। आसियान भारत के लिये एक महत्त्वपूर्ण आर्थिक ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करता है, जो 3.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद के साथ 650 मिलियन से अधिक लोगों के बाजार तक पहुँच प्रदान करता है। आसियान-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र ने वर्ष 2021-2022 में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 110.39 बिलियन अमेरिकी डॉलर कर दिया है। आसियान भारत के प्रमुख व्यापार साझेदारों में से एक है, जो भारत के वैश्विक व्यापार में 11% हिस्सेदारी रखता है। सिंगापुर आसियान में भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है और विश्व भर में छठा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान यह 11.77 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ भारत के लिये FDI का सबसे बड़ा स्त्रोत था। रणनीतिक तौर पर भी बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के संदर्भ में, विशेष रूप से चीन के साथ, आसियान भारत के लिये एक महत्त्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में कार्य करता है। भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और आसियान का 'आउटलुक ऑन दी इंडो-पैसिफिक' क्षेत्रीय स्थिरता के लिये पूरक दृष्टिकोण साझा करते हैं। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और आसियान क्षेत्रीय मंच जैसे मंचों पर आसियान के साथ भारत की सहभागिता, क्षेत्र में एक समग्र सुरक्षा प्रदाता के रूप में अपनी भूमिका को मुखर करने, चीन के प्रभाव का मुकाबला करने और नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये एक आधार प्रदान करती है। भारत-म्याँमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग और कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट जैसी परियोजनाएँ, देरी के बावजूद, दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ भौतिक एकीकरण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती हैं। प्रौद्योगिकीय स्तर पर आसियान की तेजी से डिजिटल होती अर्थव्यवस्थाएँ भारत के IT क्षेत्र और स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के लिये महत्त्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करती हैं। पहले आसियान-भारत स्टार्ट-अप फेस्टिवल ने फिनटेक, ई-कॉमर्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं को प्रदर्शित किया है। समुद्री सुरक्षा के मद्देनजर आसियान भारत की समुद्री सुरक्षा रणनीति में, विशेष रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र के संदर्भ में, एक प्रमुख भागीदार है। ऊर्जा सुरक्षा और संवहनीयता की दृष्टि से आसियान के ऊर्जा संपन्न सदस्य देश भारत के लिये अपने ऊर्जा स्त्रोतों में विविधता लाने के अवसर प्रदान करते हैं, जो इसकी बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिये महत्त्वपूर्ण है। ऐसा नहीं है कि भारत को आसियान के साथ फायदा ही फायदा हो रहा है इसे व्यापार घाटे का सामना भी करना पड़ रहा है। टैरिफ विषमता के कारण भारत ने आसियान देशों के लिये अपनी टैरिफ लाइनों के लगभग 74% टैरिफ में कमी की है, वहीं आसियान देशों ने अपनी टैरिफ लाइनों के केवल लगभग 56% के लिये ही ऐसा किया है। भारत-आसियान संबंधों को बढ़ाने के लिये आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते (AIFTA) का पुनर्निर्धारण, किया जा सकता है इसमें अधिक संतुलित टैरिफ कटौतियों के लिये समझौता वार्ता करना शामिल हो सकता है, विशेष रूप से फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र एवं IT सेवाओं जैसे क्षेत्रों में जहाँ भारत को प्रतिस्पर्द्धात्मक लाभ प्राप्त है। इसी प्रकार भारत को भारत-म्याँमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग जैसी प्रमुख कनेक्टिविटी परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी लाने और इसे कंबोडिया, लाओस एवं वियतनाम तक विस्तारित करने की आवश्यकता है। भारत आसियान के कनेक्टिविटी मास्टर प्लान 2025 के अनुरूप एक व्यापक कनेक्टिविटी मास्टर प्लान का प्रस्ताव कर सकता है। भारत आसियान देशों के साथ संयुक्त विनिर्माण पहल का भी प्रस्ताव कर सकता है जहाँ एक-दूसरे की क्षमता का लाभ उठाया जाए। मौजूदा हालात में भारत को ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण और प्रौद्योगिकी सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक व्यापक 'आसियान-भारत ऊर्जा साझेदारी' का प्रस्ताव करना चाहिये। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर्स का संयुक्त अन्वेषण एवं विकास तथा ऊर्जा दक्षता पर ज्ञान साझाकरण शामिल हो सकता है। यह देश के प्रधानमंत्री की दो दिवसीय सिंगापुर की यात्रा में प्राथमिक्ता पर रहेगा। कुल मिला कर आसियान के साथ भारत की रणनीतिक संलग्नता, जो सिंगापुर के साथ विकसित हो रही साझेदारी से रेखांकित होती है, गहन आर्थिक, प्रौद्योगिकीय एवं सुरक्षा सहयोग की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित करती है। चूँकि भारत अपनी क्षेत्रीय उपस्थिति को बढ़ाने के लिये सिंगापुर की स्थिति एवं विशेषज्ञता का लाभ उठा रहा है, आसियान के साथ संबंधों को सुदृढ़ करने की जारी प्रतिबद्धता पर्याप्त पारस्परिक लाभ प्रदान कर सकती है।

## आज का राशिफल



**मेष:** व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। अपनी इच्छाओं को दूसरों पर न थोपें। सहकर्मियों के प्रति आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। आपके बौद्धिक गुणों की प्रशंसा होगी। साझेदारी के व्यवसाय में आपको लाभ प्राप्त होगा।



**वृषभ:** नये कार्यों की योजना बनायेंगे। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है। आपके द्वारा कही गयी कोई बात सत्य सिद्ध होगी। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है।



**मिथुन:** दाम्पत्य सम्बन्धों को लेकर आप काफी भावुक हो सकते हैं। बच्चों के व्यवहार को लेकर थोड़ी चिन्ता हो सकती है। घर के कार्यों में काफी व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में कोई बड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। लवमेट्स के लिये आज का दिन कुछ खट्टा-मीठा सा होने की सम्भावना है।



**कर्क:** सभी कार्यों को आप शान्तिपूर्ण तरीके से करेंगे। छोटी दूरी की यात्रा का विचार बनेगा। माता-पिता का आशीर्वाद मिलेगा। धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। बिगड़े रिश्तों को आज सुधार सकते हैं।



**सिंह:** आज उधार लेन-देन के कारण नुकसान हो सकता है। सरकारी मामलों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिये। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आप काफी खुश रहेंगे। नये सम्पर्कों से लाभ मिलेगा।



**कन्या:** आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। जॉब में पदोन्नति हो सकती है। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में सामंजस्य बेहतरीन रहेगा। कला और पर्यटन से जुड़े लोगों को बड़ा धन लाभ हो सकता है। घर में सुख-शान्ति का माहौल रहेगा।



**तुला:** आज स्वास्थ्य कुछ कमजोर हो सकता है। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। वरिष्ठ व्यक्तियों से बहसबाजी न करें। भावनात्मक रूप से मनोबल में कमी महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में अव्यवस्था हो सकती है।




**वृश्चिक:** कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं। सम्पत्ति को लेकर डील आपके पक्ष में हो सकती है। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे कार्यों और व्यवहार की चर्चा होगी। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।



**धनु:** दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा। किन्तु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहें। कोई शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे। पुराने परिचितों से आज मुलाकात हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान हो सकता है।



**मकर:** आपकी वाणी में सौम्यता से अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। सहकर्मियों के प्रति विश्वास और सम्मान की भावना में वृद्धि होगी। आपकी दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। पिता आपको बहुत अच्छी सलाह दे सकते हैं। आपके रुके हुये कार्य आज सम्पन्न होंगे। दाम्पत्य जीवन सामान्य रहेगा।



**कुंभ:** व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान हो सकते हैं। एलर्जी और श्वांस से जुड़ी कुछ समस्या हो सकती है। प्रदूषण वाली जगहों से दूर रहें। आलस्य के कारण काम पर ज्यादा मन नहीं लगेगा। घर में बिना बुलाये मेहमान आ सकते हैं।



**मीन:** परिजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। कार्यक्षेत्र में हर्ष का माहौल रहेगा। व्यवसाय में बड़ा निवेश करने की योजना बना सकते हैं। प्रेम सम्बन्ध रोमांटिक हो सकते हैं।

# गरुड़ पुराण के अनुसार अकाल मृत्यु वालों की आत्मा को कैसे मिल सकती है शांति?

गरुड़ पुराण एक ऐसा धार्मिक ग्रंथ है जिसमें व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक उसके बारे में सब कुछ जान सकते हैं। इस गरुड़ पुराण में व्यक्ति की मृत्यु के बाद यह पता लगाया जा सकता है कि उसकी आत्मा को मुक्ति मिली है या नहीं। गरुड़ पुराण के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति की किसी बीमारी या किसी अन्य घटना के कारण अकाल मृत्यु हो जाती है, तब उसकी आत्मा भटकती रहती है। इसलिए उनकी आत्मा को मुक्ति दिलाने के लिए पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि इस पूजा के बाद भटकती आत्माओं को मुक्ति मिल जाती है। आइए जानते हैं गरुड़ पुराण में आत्मा की की शांति के लिए किस प्रकार की पूजा और विधि करनी चाहिए।

## आत्मा की शांति के लिए नारायण बलि की पूजा करें

धार्मिक ग्रंथ गरुड़ पुराण के अनुसार जब किसी व्यक्ति की मृत्यु किसी घटना या बीमारी के कारण होती है तो उसकी आत्मा भटकने लगती है। इससे व्यक्ति की आत्मा बहुत दुखी रहती है। ऐसी स्थिति में आत्मा को आकस्मिक मृत्यु से मुक्ति दिलाने के लिए नारायण बलि की पूजा की जाती है। इस पूजा को करना लाभकारी माना जाता है। आपको बता दें कि गरुड़ पुराण में कहा गया है कि जब आत्मा को शांति नहीं मिलती तो वह सूक्ष्म लोक में प्रवेश करती है। आत्मा को आत्मा की दुनिया से मुक्त करने के लिए यहां नारायण बलि की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि इस पूजा को करने से आत्मा कर्मकांडों से मुक्त हो जाती है।

## जानिए बलि पूजा विधि

- गरुड़ पुराण के अनुसार अगर आत्मा की शांति चाहिए तो किसी तीर्थ स्थान पर नारायण बलि की पूजा करनी चाहिए।
- इस पूजा में तीनों देवता ब्रह्मा, विष्णु और महेश के नाम पर एक-एक पिंडदान करते हैं।
- यह पूजा वेदों के पांच उच्च वेद पाठी विद्वानों द्वारा की जाती है।
- यह पूजा केवल उस मृतक के परिवार के सदस्य ही कर सकते हैं जिनकी मृत्यु अकाल रूप में हुई हो।
- इस पूजा को करने से व्यक्ति पितृ दोष से भी मुक्त हो जाता है।



# पूजा में जरूर शमिल करें ये चीज, इस फूल के बिना अधूरा है पितरों का तर्पण



हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। इस साल 17 सितंबर 2024 से पितृ पक्ष की शुरूआत हो रही है, जो 2 अक्तूबर 2024 को समाप्त होगा। पितृ पक्ष में लोग अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध करते हैं। मान्यता है कि पितृ पक्ष के दौरान सभी पितर पृथ्वी लोक पर आते हैं और अपने परिवार को लोगों को आशीर्वाद देते हैं। हमारे पितर इस दौरान उम्मीद करते हैं कि उनकी संतानें उनके लिए श्राद्ध, तर्पण या पिंडदान आदि करें, जिससे उन्हें शांति मिलती है। श्राद्ध में तर्पण के दौरान एक विशेष फूल का महत्व बताया गया है। इस फूल को काश के फूल के नाम से जाना जाता है। पौराणिक कथाओं की मानें तो यदि पूजा में काश के फूलों का इस्तेमाल नहीं किया जाता है, तो श्राद्ध कर्म अधूरा माना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि पितरों के श्राद्ध में काश के फूल का क्या महत्व है और श्राद्ध में किन फूलों का इस्तेमाल करना चाहिए।

### पितृ पक्ष में पूजा में जरूर अर्पण करें ये फूल

श्राद्ध कर्म के लिए कुछ खास चीजें बताई गई हैं, जिनका इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है। पितृ पक्ष में श्राद्ध और तर्पण के दौरान किसी भी पुष्प का उपयोग नहीं किया जा सकता है। पितृ पक्ष में तर्पण के लिए काश के फूलों का इस्तेमाल करना चाहिए। यदि काश का फूल नहीं है, तो आप मालती, जूही, चम्पा या सफेद फूलों का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

### इन फूलों का प्रयोग कभी न करें

श्राद्ध और तर्पण के लिए बेलपत्र, कदम्ब, केवड़ा, मौलसिरी, करवीर और लाल-काले रंग के फूलों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। मान्यता है कि पितर इन्हें देखकर निराश हो जाते हैं और पितरों के नाराज होने से पारिवारिक और आर्थिक परेशानियों जैसा स्थिति बन जाती है।

### पितृ तर्पण में काश के फूल का महत्व

पुराणों में पितृ तर्पण के दौरान काश के फूल का इस्तेमाल बहुत ही शुभ बताया गया है। जिस प्रकार तर्पण के दौरान कुश और तिल का खास प्रयोग करना शुभ माना जाता है, उसी प्रकार काश के फूल का होना भी बहुत जरूरी होता है। कहा जाता है कि पितरों को प्रसन्न करने के लिए काश के फूलों का प्रयोग जरूरी है।

# माला का जाप करते समय रखें इन बातों का ध्यान, टल जाएंगी सारी मुश्किलें



हमारे शास्त्रों में जप-तप का विधान काफी पुराना है। माना जाता है कि भगवान का ध्यान करने और उनका नाम जपने से इंसान के कष्ट दूर हो जाते हैं। साथ ही जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ती है। सदियों से ऋषि-मुनि जप-तप करके देवी-देवताओं को प्रश्न करते आ रहे हैं। कहा जाता है कि जाप करते समय हाथ में माला का होना आवश्यक होता है। ध्यान लगाने के लिए मंत्रों के सही उच्चारण के साथ ही सही नियमों के साथ माला जपना भी जरूरी होता है। ज्यादातर मालाएं 108 मनके की होती हैं, जिनके खत्म होने तक मंत्र का जाप किया जाता है। वेदों और पुराणों में माला जपने के कुछ नियम बताए गए हैं। यदि माला जाप करते समय इन बातों का ध्यान नहीं रखा जाता है, तो व्यक्ति को जाप का फल नहीं मिलता। साथ ही इसके अशुभ फल भी प्राप्त हो सकते हैं। इन नियमों का पालन करना शुभ होता है और इससे व्यक्ति को पूर्ण फल की प्राप्ति होती है।

## माला जाप करते समय रखें इन बातों का ध्यान

- ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, माला के मनकों की संख्या बिल्कुल सही होनी चाहिए। माला में मनकों की संख्या 27, 54 या 108 ही होना चाहिए। ब्रहमांड में कुल 27 नक्षत्र होते हैं। इन्हीं नक्षत्रों से सृष्टि का संचालन होता है। हर ग्रह किसी न किसी नक्षत्र में होता है, जिसका प्रभाव हमारे व्यक्ति के जीवन में पड़ता है। हर नक्षत्र में चार चरण बताए गए है, जिनके हिसाब से ही माला जाप किया जाता है।
- शास्त्रों में बताया गया है कि जिस माला से आप जाप कर रहे हैं, उसका कोई भी मनका टूटा नहीं होना चाहिए। टूटी मनके वाली माला से जाप करने पर आपके जीवन में बुरा प्रभाव पड़ सकता है। टूटी हुई माला को सही करके या मनका को बदलकर ही जाप करें।
- कहा जाता है कि आप जिस भी माला से जाप कर रहे हैं, उसमें दो मनकों के बीच एक गांठ जरूर होना चाहिए। बिना गांठ वाली माला शुभ फल नहीं देती है और इसके अशुभ परिणाम भी मिल सकते हैं।
- शास्त्रों के मुताबिक, ध्यान रखें कि धारण की हुई माला से कभी जाप न करें। साथ ही जाप करने वाली माला को धारण भी नहीं करना चाहिए।

# एक नहीं बल्कि 5 पर्वत श्रृंखलाओं का समूह है कैलाश, जानें धार्मिक महत्व

सनातन धर्म में सभी देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना को बहुत ही कल्याणकारी माना जाता है। साधक रोजाना भगवान शिव और मां पार्वती की विधिपूर्वक उपासना करते हैं। साथ ही प्रभु के मंत्रों का जप करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से साधक को जीवन की दुखों से मुक्ति मिलती है। वहीं, जातक प्रभु के दर्शन करने के लिए शिव जी के मंदिर भी जाते हैं। जहां वह अपने आराध्य के दर्शन का लाभ उठाते हैं। महादेव को समर्पित कई मंदिर पहाड़ों पर भी हैं, जहां अधिक संख्या में श्रद्धलु दर्शनों के लिए जाते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, हिमालय में भगवान शिव का वास माना जाता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कैलाश पर्वत पांच पर्वत श्रृंखलाओं का समूह है, जिसे पंच कैलाश के नाम से जाना जाता है। चलिए इस लेख में जानते हैं कौन–कौन से हैं पंच कैलाश?

### कैलाश मानसरोवर



धार्मिक मान्यता के अनुसार, तिब्बत में स्थित कैलाश मानसरोवर को भगवान शिव और मां पार्वती का घर माना जाता है। पौराणिक कथा के मुताबिक, यह वही पवित्र स्थान है, जहां शिव-शंभू विराजमान हैं। कैलाश मानसरोवर का उल्लेख शिव पुराण में देखने को मिलता है।

### आदि कैलाश

आदि कैलाश उत्तराखंड में है। इस कैलाश को रुंग समुदाय से जुड़े लोगों का प्रमुख स्थल माना जाता है। रुंग परंपरा के मुताबिक, आदि कैलाश महादेव का मूल निवास था। ऐसा माना जाता है कि यहां पर संतों और अन्य लोगों के आने से महादेव की तपस्या में बाधा आ रही थी, जिसकी वजह से महादेव को इस जगह को छोड़ना पड़ा।

### किन्नर कैलाश

किन्नर कैलाश हिमाचल प्रदेश में है। किन्नर कैलाश की यात्रा को अमरनाथ और मानसरोवर की यात्रा से भी बहुत कठिन मानी जाती है। किन्नर कैलाश महादेव के भक्तों के लिए अहम स्थान है।

### मणिमहेश कैलाश

मणिमहेश कैलाश हिमाचल प्रदेश में है। इस स्थल पर शिवलिंग के आकार की एक चट्टान है, जिसे महादेव का स्वरूप माना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार, मणिमहेश कैलाश का निर्माण शिव जी ने मां पार्वती से विवाह करने के पश्चात किया था।

### श्रीखंड महादेव कैलाश

श्रीखंड महादेव कैलाश हिमाचल प्रदेश में है। इस कैलाश को महादेव के धार्मिक स्थलों में से सबसे ऊंचा स्थल माना जाता है। इस पर्वत की ऊंचाई समुद्र तल से 18, 300 फीट है। पौराणिक कथा के अनुसार, श्रीखंड महादेव कैलाश पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु ने भस्मासुर नामक दैत्य का वध किया था।

# पहली बार रखने जा रही हैं करवा चौथ का व्रत, तो इन बातों का रखें खास ख्याल

हिंदू धर्म में करवा चौथ का पर्व बेहद महत्वपूर्ण माना गया है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी जीवन की कामना करते हुए निर्जला उपवास रखती हैं। वहीं शाम को चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत खोलती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का पर्व मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल कार्तिक माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि का आरंभ 20 अक्टूबर 2024 को सुबह 6 बजकर 46 मिनट से होगा जो अगले दिन 21 अक्टूबर 2024 को सुबह 4 बजकर 16 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। इस व्रत को करते समय कई नियमों का पालन करना आवश्यक होता है। जो महिलाएं पहली बार करवा चौथ का व्रत करने जा रही हैं, उनके लिए भी कुछ नियमों का पालन करना बहुत जरूरी होती है।

### सरगी खाने का नियम



जो महिलाएं पहली बार करवा चौथ का व्रत रखने जा रही हैं, उनके लिए यह जानना जरूरी है कि उपवास सूर्योदय से पहले ही शुरू हो जाता है। इसलिए भोर में उठकर अपने बड़ों का आशीर्वाद जरूर ले और बाद में सरगी खाकर व्रत का आरंभ करें।

### 16 श्रृंगार करें

पहली बार जो महिलाएं करवा चौथ का व्रत करती हैं उनके लिए यह बेहद खास होता है। इस दिन महिलाओं को पूजा में पूरे 16 श्रृंगार के साथ बैठना चाहिए। हाथों में मेंहदी जरूर रची होनी चाहिए।

### लाल रंग के वस्त्र पहने

लाल रंग सुहागिनों के लिए बहुत ही शुभ रंग माना जाता है। पहली बार व्रत कर रही महिलाओं को इस दिन लाल रंग के जोड़े का ही चयन करना चाहिए। ध्यान रहें कि भूलकर भी काले रंग के वस्त्र न पहने।

### शादी का जोड़ा

पहली बार करवा चौथ मना रही महिलाएं इस दिन शादी का जोड़ा भी धारण कर सकती हैं।

### व्रत कथा सुनें

करवा चौथ के दिन महिलाओं को 'करवा चौथ व्रत कथा' जरूर सुननी चाहिए। इसके बिना व्रत को पूर्ण नहीं माना जाता है। यदि आप पहली बार करवा चौथ का उपवास कर रहीं है, तो सही दिशा में बैठकर कथा जरूर सुने।

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से होगी देश की प्रगति: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' तथा 'शासन आपल्या दारी' कार्यक्रमों के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र सौंपे

एजेंसी
उदगीर (महाराष्ट्र)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से देश की प्रगति और विकास होगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुरुषों को महिलाओं की क्षमताओं को पहचानकर उनके सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करनी चाहिए। यह उल्लेख करते हुए कि महिलाओं का सम्मान करना भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है, उन्होंने देश के कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। मुर्मू महाराष्ट्र में लातूर जिले के उदगीर में एक सभा को संबोधित कर रही थीं जहां एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार की 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' तथा 'शासन आपल्या दारी' कार्यक्रमों के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र दिए गए। राष्ट्रपति ने कहा, 'भारत सरकार द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी काफी बढ़ी है। सरकार की मदद से महिलाएं हर क्षेत्र में योगदान दे रही हैं। लेकिन इसमें और अधिक प्रयास करने की जरूरत है ताकि उनकी भागीदारी और बढ़े।' उन्होंने कहा कि पुरुषों को महिलाओं की क्षमताओं को पहचानना चाहिए और उनके सपनों को पूरा करने में मदद करनी चाहिए। मुर्मू ने कहा, 'हर महिला कई बाधाओं के बाद अपने लक्ष्य तक पहुंचती है। लेकिन एक महिला के लिए पैदा की गईं बाधाएं देश की विकास की गति को भी कम कर सकती हैं।' उन्होंने कहा, 'हम अपने देश को 'मातृभूमि' कहते हैं और इस तरह हम महिलाओं के प्रति अपना सम्मान दिखाते हैं। महिलाओं का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है और इसे हर परिवार की मूल्य प्रणाली में भी प्रतिबिंबित होना चाहिए।' सरकारी योजनाओं के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों को उनकी प्रशिक्षुता के दौरान वजीफा प्रदान कर रही है, जिससे उन्हें आत्मविश्वास मिलेगा। मुर्मू ने कहा, 'राज्य सरकार का यह कदम सराहनीय है। यह सामाजिक, वित्तीय, शैक्षिक विकास के लिए काम कर रही है और महिलाओं को इसका लाभ उठाना चाहिए, स्वतंत्र बनना चाहिए और राज्य तथा देश के विकास में योगदान देना चाहिए।' उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं की है और जिस तरह वे अपना परिवार चलाने में आगे हैं, उसी तरह उन्हें देश के लिए भी योगदान देना चाहिए। मुर्मू ने कहा, 'महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से देश की प्रगति और विकास होगा।' राष्ट्रपति के अनुसार, देश में लगभग एक करोड़ महिलाएँ लखपति दीदी (प्रति वर्ष एक लाख रुपये से अधिक कमाने वाली) बन गई हैं और उनमें से 13 लाख महाराष्ट्र से हैं। उन्होंने कहा, 'केंद्र सरकार ने अब लक्ष्य को दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ लखपति दीदी कर दिया है।' मुर्मू ने महिलाओं से अपने परिवार की देखभाल के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा, 'अगर आप समृद्ध होंगी और स्वस्थ रहेंगी तभी देश विकसित होगा और प्रगति करेगा। छत्रपति शिवाजी महाराज की मां

**पुरुषों को महिलाओं की क्षमताओं को पहचानकर उनके सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करनी चाहिए**



# जनवरी से लागू होगी नई व्यवस्था, ईपीएफओ पेंशनभोगी देश के किसी भी बैंक से ले सकेंगे पेंशन: मनसुख मांडविया

एजेंसी
नई दिल्ली



श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की पेंशन योजना के दायरे में आने वाले पेंशनभोगी जनवरी से किसी भी बैंक या उसकी शाखा से पेंशन ले सकेंगे। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि मांडविया ने कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) 1995 के लिए एक केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वह ईपीएफओ के शीर्ष निर्णय लेने वाले निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) के चेयरपर्सन भी हैं। बयान के अनुसार, केंद्रीकृत पेंशन भुगतान व्यवस्था से पूरे देश में किसी भी बैंक, किसी भी शाखा के माध्यम से पेंशन का वितरण हो सकेगा। मंत्री ने कहा, 'सीपीपीएस की मंजूरी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के आधुनिकीकरण की दिशा में मील का पत्थर है। इसके तहत पेंशनधारक देश में कहीं भी, किसी भी बैंक, किसी भी शाखा से अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल लंबे समय से चली आ रही पेंशधारकों की समस्याओं का समाधान करती है। यह व्यवस्था एक निर्बाध और कुशल वितरण प्रणाली सुनिश्चित करती है।' उन्होंने कहा कि यह ईपीएफओ को अपने सदस्यों और पेंशनधारकों की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए अधिक मजबूत, उत्तरदायी और तकनीक-सक्षम संगठन में बदलने के हमारे प्रयासों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली से ईपीएफओ के 78 लाख से अधिक ईपीएस-95 पेंशनधारकों को लाभ होने की उम्मीद है। केंद्रीकृत प्रणाली पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में स्थानांतरित करने की आवश्यकता के बिना पूरे देश में पेंशन का निर्बाध वितरण सुनिश्चित करेगी। यह उन पेंशनधारकों के लिए बड़ी राहत होगी जो सेवानिवृत्ति के बाद अपने गृहनगर चले जाते हैं। यह सुविधा एक जनवरी, 2025 से ईपीएफओ की चल रही सूचना प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण परियोजना केंद्रीकृत आईटी युक्त प्रणाली (सीआईटीईएस 2.01) के हिस्से के रूप में शुरू की जाएगी। अगले चरण में, सीपीपीएस आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) में एक सुचारु परिवर्तन लाएगी। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि नई प्रणाली मौजूदा पेंशन वितरण प्रक्रिया से महत्वपूर्ण बदलाव है, जिसके तहत ईपीएफओ के प्रत्येक क्षेत्रीय/क्षेत्रीय कार्यालय को केवल तीन-चार बैंकों के साथ अलग-अलग समझौते करने पड़ते थे। इसमें कहा गया है कि अब पेंशनभोगियों को पेंशन शुरू होने के समय सत्यापन के लिए बैंक शाखा में जाने की जरूरत नहीं होगी और भुगतान जारी होने पर तुरंत जमा कर दिया जाएगा। इसके साथ ही ईपीएफओ को उम्मीद है कि नई प्रणाली से पेंशन वितरण लागत में महत्वपूर्ण कमी आएगी।

# सोने में 450 रुपये की गिरावट, चांदी 1,650 रुपये लुढ़की

एजेंसी
नई दिल्ली



दिल्ली सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 450 रुपये की गिरावट के साथ 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में सोने में यह गिरावट आई है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 1,650 रुपये लुढ़ककर 83,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 85,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अतिरिक्त, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 450 रुपये की गिरावट के साथ 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। व्यापारियों ने कहा कि घरेलू स्तर पर आभूषण विक्रेताओं और खुदरा खरीदारों की कमजोर मांग के साथ-साथ वैश्विक प्रभाव के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,519.80 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, 'मंगलवार को निराशाजनक अमेरिकी विनिर्माण आंकड़े जारी होने के बाद बुधवार को यूरोपीय कारोबारी घंटों में सोने में गिरावट आई, जिससे सभी वित्तीय परिसंपत्ति वर्गों में दुनियाभर में बिकवाली शुरू हो गई, जिससे बाजार की धारणा निराशाजनक हो गई।' कोटक सिक्योरिटीज के एवीपी-जिंस शोध कायनात चैनवाला के अनुसार, अमेरिकी आर्थिक आंकड़े जारी होने से पहले डॉलर में मजबूती, मुनाफावसूली और समायोजन के कारण कॉमेक्स सोने में गिरावट आई।

# भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के जवाब में हमने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया: फारुक अब्दुल्ला

**श्रीनगर/डूरू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी ने भाजपा की 'सांप्रदायिक और विभाजनकारी राजनीति' से मुकाबला करने के लिए जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दक्षिण कश्मीर की डूरू सीट से कांग्रेस उम्मीदवार जी ए मीर के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इस दौरान मंच पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी मौजूद थे। अब्दुल्ला ने कहा, 'वे (भाजपा) लोगों को धर्म के नाम पर बांट रहे हैं। इसलिए हमने यह गठबंधन किया है। हम सम्मानजनक जिंदगी चाहते हैं। इसलिए हम सभी को एक साथ आना होगा।' उन्होंने नेकां के मतदाताओं से गठबंधन के उम्मीदवार मीर को वोट देने का आग्रह किया। फारुक ने कहा, 'आपको कांग्रेस या नेकां को देखने की जरूरत नहीं है।

# वाणिज्यिक विवादों में प्रतिवाद के लिए मुकदमेबाजी से पहले मध्यस्थता अनिवार्य: उच्च न्यायालय

एजेंसी
नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि वाणिज्यिक विवादों में जवाबी दावा संबंधी प्रतिवाद दायर करने के लिए 'वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम' (सीसीए) के तहत 'मुकदमे से पहले' मध्यस्थता की आवश्यकता नैसर्गिक तौर पर अनिवार्य है। अदालत ने कहा कि वाणिज्यिक विवाद से जुड़े हर मुकदमे के लिए मध्यस्थता की प्रक्रिया अनिवार्य है और जब वाणिज्यिक विवाद से जुड़े प्रतिवाद की बात आती है तो न तो मामले-दर-मामले में अंतर किया जा सकता है, नही तत्काल राहत की बात की जा सकती है। न्यायमूर्ति मनोज जैन ने कहा, 'पहले मध्यस्थता का उद्देश्य परोपकारी है। यह प्रक्रिया किसी भी रूप में त्वरित सुनवाई को बाधित नहीं करती है। इसके विपरीत, मध्यस्थता का उद्देश्य ऐसी स्थिति की कल्पना करना है, जहां इस तरह की पूर्व-संस्थागत मध्यस्थता के माध्यम से मामले का निपटारा हो जाने के बाद कोई नया मामला शुरू न हो। इसलिए, इसे निरर्थक प्रयास नहीं कहा जा सकता है।' अदालत ने सबसे पहले इस बात का उल्लेख किया कि याचिका एक 'दिलचस्प प्रस्ताव' प्रस्तुत करती है। पीठ ने कहा कि अनिवार्य प्रावधान को उदारतापूर्वक व्याख्यायित करने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि यह विधायी जनादेश का खंडन और अवमूल्यन करेगा। इस तरह की व्याख्या इसकी प्रकृति को 'अनिवार्य' से 'वैकल्पिक' की श्रेणी में ला देगी। अदालत ने कहा, 'उपरोक्त विमर्श के मद्देनजर यह बात स्पष्ट रूप से सामने आती है कि वाणिज्यिक विवाद से जुड़े हर मुकदमे के लिए मध्यस्थता की प्रक्रिया अनिवार्य है और जब वाणिज्यिक विवाद से जुड़े प्रतिवाद की बात आती है तो न तो मामले-दर-मामले में अंतर किया जा सकता है, नही तत्काल राहत की बात की जा सकती है।

# भोपाल में ईडी ने आरजीवीपी में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में तलाशी ली

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने भोपाल के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थान राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीवीपी) में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में तलाशी ली और 1.90 करोड़ रुपये जब्त किए। यह छापेमारी सोमवार को भोपाल, नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर तथा पिपरिया और झारखंड के रांची तथा बोकारो में कई परिसरों में की गई। ईडी ने एक बयान में कहा, 'विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति (डॉ. सुनील कुमार), पूर्व रजिस्ट्रार और पूर्व वित्त नियंत्रक सहित संस्थान के प्रमुख व्यक्तियों के आवासीय परिसर पर छापेमारी की गई।' इसमें कहा गया, 'अचल और चल संपत्तियों के विवरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।' धन शोधन का यह मामला भोपाल पुलिस द्वारा विश्वविद्यालय के पूर्व पदाधिकारियों के खिलाफ कथित गबन और संस्थान के 20 करोड़ रुपये संस्थान से बाहर के लोगों को और न्यासों में 'हस्तांतरित' करने के आरोप में दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है।

## संक्षिप्त-समाचार

### धैर्य रखो तो मंजिल जरूर मिलती है: राजे



**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने बुधवार को झालावाड़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ली और कहा कि धैर्य रखो तो मंजिल जरूर मिलती है। राजे ने कहा कि उन्हें जयपुर में सदस्यता ग्रहण करने के लिए कहा गया था, लेकिन मैंने निर्णय लिया कि मैं अपने घर झालावाड़ में ही सदस्यता लूंगी। इस अवसर पर सदस्यता अभियान के सह संयोजक व विधायक निर्मल कुमावत भी मौजूद थे। एक बयान के अनुसार, राजे ने कहा, 21 अक्तूबर 1951 में हमारी विचारधारा का जो जनसंघ रूपी कारवां शुरू हुआ, वह आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुका है। यह हमारे कार्यकर्ताओं की बदौलत हुआ। कार्यकर्ताओं के धैर्य की वजह से हुआ। उन्होंने कहा कि यदि धैर्य रखा जाये तो मंजिल जरूर मिलती है। राजे ने कहा, हमारे कार्यकर्ताओं ने धैर्य रखा तो आज भाजपा इस मुकाम पर पहुंची। हमारे कार्यकर्ताओं के लिए पद नहीं, संगठन सर्वोपरि है। वे खुद के लिए नहीं, संगठन के लिए जीते हैं।

### खेत की बाड़ में करंट आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के नागौर जिले में बुधवार सुबह खेत की बाड़ में करंट आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। कुचेरा के थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि घटना ईग्यार गांव की है और मरने वाले तीन लोग एक ही परिवार के हैं। उन्होंने बताया कि खेत मालिक ने पशुओं को रोकने के लिए इस लोहे की बाड़ को बिजली के तार से जोड़ रखा था तथा बाइक सवार तीनों लोग इसकी चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान हरेंद्र मेघवाल (32), उसकी पत्नी सीमा (25) मेघवाल और मां कंवराई (50) के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिये कुचेरा के सरकारी अस्पताल भेजा गया है। मुआवजे और बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की जांच की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीण और परिजन अस्पताल के मुर्दाघर के बाहर धरने पर बैठ गए। थानाधिकारी ने बताया कि प्रशासन और पुलिस के अधिकारी परिजनों और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे है। वहीं, नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है। बेनीवाल ने 'एक्स' पर लिखा, 'राज्य सरकार मृतकों के आश्रितों को अविलंब आर्थिक सहायता प्रदान करें। मैंने डिस्कॉम (बिजली वितरण कंपनी) के अधिकारियों को हादसे की जांच करने के लिए भी निर्देशित किया।

### दुनिया नए मॉडल, मौजूदा चुनौतियों के समाधान के लिए भारत की ओर देख रही है: प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि दुनिया हमारे युग की चुनौतियों के लिए नए मॉडल और समाधान को लेकर भारत की ओर देख रही है। प्रधान ने अकादमिक बिरादरी से अपने संस्थानों को नया स्वरूप देने और 'राष्ट्रीय प्राथमिकताओं' को हासिल करने का आान भी किया। मंत्री ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा आयोजित संस्थागत विकास योजना (आईडीपी) पर एक कार्यशाला में अपने संबोधन में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'हमारी शिक्षा को 21वीं सदी की आकांक्षाओं को संबोधित करना चाहिए और स्थानीय एवं वैश्विक चुनौतियों के लिए समाधान तैयार करना चाहिए। दुनिया हमारे युग की चुनौतियों के लिए नए मॉडल और समाधान को लेकर भारत की प्रतिभाओं की ओर देखती है।' उन्होंने कहा, 'मैं अकादमिक बिरादरी से आग्रह करता हूं कि वे अपने संस्थानों को नया स्वरूप देने, उच्च शिक्षा परिदृश्य को बदलने और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को प्राप्त करने के लिए केंद्रित और समयबद्ध तरीके से काम करें।' प्रधान ने कहा, 'शिक्षा भारत को एक उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था से उत्पादक अर्थव्यवस्था बनने की ओर ले जाएगी।' मंत्री ने कहा कि संस्थागत विकास योजना को हमारी जनसांख्यिकी की क्षमताओं को बढ़ाने, उच्च शिक्षा में भारतीय भाषाओं को शामिल करने, नवाचार, उद्यमशीलता और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने तथा अनुसंधान एवं विकास के वैश्विक मानक हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कार्यशाला में यूजीसी दिशानिर्देशों का एक संग्रह भी जारी किया। प्रधान ने शिक्षा के उद्देश्य और ढांचे को फिर से परिभाषित करने, युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका के बारे में बात की। शिक्षा मंत्री ने सरकार के लक्ष्यों में सकल नामांकन अनुपात को दोगुना करना, अधिकांश आबादी को उच्च शिक्षा के दायरे में लाना और 5,000 उच्च शिक्षा संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्रों में बदलने का भी जिक्र किया।

### सुरक्षित ड्रोन संचालन के लिए दिशानिर्देशों पर काम कर रहे हैं नागर विमानन, गृह मंत्रालय: नायडू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने बुधवार को कहा कि नागर विमानन और गृह मंत्रालय ड्रोन के सुरक्षित संचालन के साथ-साथ उसके महत्तम इस्तेमाल के लिए दिशानिर्देश तैयार करने को लेकर काम कर रहे हैं। मंत्री से पूछा गया था कि क्या सरकार मणिपुर में हाल की घटना के संदर्भ में गलत मकसद से उड़ाए जा रहे ड्रोन के मामलों से निपटने के लिए किसी विशेष योजना पर विचार कर रही है। मणिपुर में हाल ही में जातीय हिंसा के दौरान उग्रवादियों ने बम गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया था। नायडू ने कहा, ' ड्रोन को लेकर सुरक्षा का पहलू भी है। हम गृह मंत्रालय के साथ मिलकर कुछ दिशानिर्देश तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं और यदि आवश्यक हुआ तो इसके लिए एक अधिनियम भी बनाया जाएगा।' उन्होंने कहा कि दिशानिर्देशों का मकसद सुरक्षित संचालन और ड्रोन का अधिकतम इस्तेमाल सुनिश्चित करना है। मंत्री ने कहा कि इस संबंध में अंतर-मंत्रालयी परामर्श किया जा रहा है। सरकार विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कई कदम भी उठा रही है। नायडू ने राष्ट्रीय राजधानी में एक सम्मेलन से इतर कहा, ' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न गतिविधियों, खासकर कृषि क्षेत्र में ड्रोन के इस्तेमाल का काफी समर्थन कर रहे हैं...जब हम दिशानिर्देश तैयार करते हैं तो इसमें ड्रोन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के साथ सुरक्षा के पहलू को भी ध्यान में रखना होता है। यह एक अंतर-मंत्रालयी प्रयास होगा...हम विचार-विमर्श की प्रक्रिया में हैं।'

# प्रशासनिक भवन की पांचवीं मंजिल से गिरकर आईआईटी-भुवनेश्वर की छात्रा की मौत

**भुवनेश्वर।** आईआईटी भुवनेश्वर में अध्ययनरत एक छात्रा की प्रशासनिक भवन की पांचवीं मंजिल से कथित तौर पर गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मंगलवार रात 23 वर्षीय युवती का शव संस्थान परिसर से बरामद किया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, 'हमें संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला है।' मृतका की पहचान दिल्ली निवासी कृतिका राज के रूप में हुई है और वह बी.टेक तृतीय वर्ष की छात्रा थी। संस्थान ने एक बयान में कहा कि कल रात लगभग 11 बजे एक छात्रा प्रशासनिक भवन की पांचवीं मंजिल से नीचे गिर गई, वहां पुस्तकालय है। बयान में कहा गया है, 'सुरक्षाकर्मियों ने प्रशासन को सूचित किया और उसे संस्थान के चिकित्सा केंद्र में ले गए। चिकित्सकों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को तुरंत सूचित किया गया और मामले की जांच की जा रही है।' पुलिस अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए खुर्दा जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया है।

# दोपहिया वाहन खरीदारों को कम कीमत पर हेलमेट उपलब्ध कराएं वाहन विनिमार्ता: नितिन गडकरी

एजेंसी
नई दिल्ली



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को दोपहिया वाहन विनिमार्ताओं से वाहन खरीदारों को छूट या उचित दर पर हेलमेट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि कई लोग हेलमेट नहीं पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते हैं। वर्ष 2022 में हुए सड़क हादसों में 50,029 लोगों की मौत हेलमेट नहीं पहनने की वजह से हो गई थी। उन्होंने कहा, 'मैं दोपहिया वाहन निमार्ताओं से अनुरोध करने के बारे में सोच रहा हूं। अगर वे वाहन खरीदने वालों को हेलमेट पर कुछ उचित छूट दे सकें तो लोगों की जान हम बचा सकते हैं।' इसके साथ ही गडकरी ने स्कूल बसों के लिए पार्किंग व्यवस्था की योजना बनाने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम 2019 में यातायात उल्लंघनों पर भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया है, लेकिन असल में इन्हें प्रभावी ढंग से लागू करना एक बड़ी चुनौती है। गडकरी ने कहा कि वह सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देने के लिए देश के हर तालुका में ड्राइविंग स्कूल खोलना चाहते हैं।

# ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के शेष हिस्सों का एएसआई सर्वे की मांग वाली याचिका पर अगली सुनवाई कल

**वाराणसी।** वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के बचे हुए हिस्सों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे कराए जाने का आदेश देने का आग्रह करने वाली याचिका पर फास्ट ट्रैक अदालत ने बुधवार को हिन्दू पक्ष की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख छह सितंबर तय की है। दीवानी न्यायाधीश ( सीनियर डिवीजन) की फास्ट ट्रैक अदालत में इस मामले की सुनवाई हो रही है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि ज्ञानवापी परिसर के बाकी बचे हिस्सों का एएसआई से सर्वेक्षण कराए जाने का आग्रह करने वाली याचिका पर दीवानी न्यायाधीश ( सीनियर डिवीजन) युगल शम्भू की अदालत में हिन्दू पक्ष ने अपनी दलीलें रखीं। इसके बाद मामले की सुनवाई के लिए छह अगस्त की तारीख तय कर दी गयी। मुस्लिम पक्ष के प्रतिनिधि अदालत में मौजूद थे। वे अगली सुनवाई के दौरान मामले पर अपनी दलीलें रख सकते हैं।

# दंतेवाड़ा मुठभेड़ में 59 लाख रुपये के इनामी नौ नक्सली मारे गए

एजेंसी
दंतेवाड़ा



छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए नौ नक्सलियों पर कुल 59 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इनमें से सबसे ज्यादा 25 लाख रुपये का इनाम माओवादियों की 'दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी' (डीकेएसजेडसी) के रणधीर पर था। अधिकारी ने बताया कि वह इस साल सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया डीकेएसजेडसी का दूसरा सदस्य था। पुलिस ने मंगलवार को बताया था कि दंतेवाड़ा-बीजापुर अंतर-जिला सीमा पर नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने मुठभेड़ में नौ 'वर्दीधारी' नक्सलियों को मार गिराया गया जिनमें छह महिला नक्सली शामिल थीं। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सुंदरराज पी ने बताया कि इस अभियान से नक्सलियों के पश्चिमी बस्तर और दरभा मंडलों को बड़ा झटका लगा है क्योंकि ये इस क्षेत्र में नक्सलियों के प्रभावशाली संगठन माने जाते हैं। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद, सुरक्षा बलों ने अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और नक्सलियों को उनके गढ़ में ही ढेर कर दिया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में जिला रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 111वीं और 230वीं बटालियन के जवान शामिल थे। सुंदरराज ने बताया कि रणधीर माओवादियों के डीकेएसजेडसी का सदस्य था और उसके ऊपर 25 लाख रुपये का इनाम था।

# कमजोर वैश्विक रुख से सेंसेक्स 200 अंक टूटा, निफ्टी में 14 दिन से जारी तेजी रुकी

एजेंसी
मुंबई




स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 202 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। एनएसई निफ्टी में भी 14 दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और यह 81 अंक टूटा। अमेरिकी बाजार में नरमी की आशंका को लेकर वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, बैंक और धातु शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 202.80 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,352.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 721.75 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 81.15 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,198.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 196.05 अंक टूट गया था। इससे पहले, लगातार 14 दिन की तेजी में निफ्टी 1,141 अंक यानी 4.59 प्रतिशत चढ़ा था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिका में विनिर्माण के कमजोर आंकड़ों से वहां की अर्थव्यवस्था में चिंता बढ़ी है। इसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा है। घरेलू स्तर पर ठोस संकेतक के अभाव में बाजार पर वैश्विक रुख का असर देखने को मिलेगा।' सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और अदाणी पोर्ट्स में प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

वार्ता **'अन्य केंद्रों को दिल्ली एम्स के स्तर तक पहुंचने में लगेगा समय'**

# एम्स में विशेषज्ञता व कम खर्च के कारण भीड़, भ्रष्टाचार रोकने के लिए कदम उठाए गए : डा. एम श्रीनिवास

एजेंसी
नई दिल्ली



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने कहा है कि बेहतरीन बुनियादी ढांचा और डॉक्टरों की विशेषज्ञता के कारण सटीक इलाज और कम खर्च जैसी सुविधाएं मरीजों में विश्वास की भावना पैदा करती हैं और इस वजह से देश भर से लोग यहां संस्थान में आते हैं। श्रीनिवास ने कहा कि भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में, ज्यादातर सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ और सुपरस्पेशियलिटी उपचार उपलब्ध नहीं है। यह पूछे जाने पर कई क्षेत्रीय एम्स खुलने के बावजूद दिल्ली एम्स में मरीजों की संख्या कम नहीं हो रही है, श्रीनिवास ने कहा कि यहां हमेशा आपूर्ति और मांग में अंतर रहता है और अन्य केंद्रों को दिल्ली एम्स के स्तर तक पहुंचने में समय लगेगा। उन्होंने कहा कि पहले छह एम्स संस्थान बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और लगभग दिल्ली एम्स के स्तर पर पहुंच गए हैं। डॉ. श्रीनिवास ने कहा, देश में अन्य एम्स स्थापित करने के पीछे यह विचार था कि वे दिल्ली एम्स के स्तर पर आ जाएंगे और सुपरस्पेशियलिटी इलाज मुहैया कराएंगे। ऐसा ज्यादातर केंद्रों के साथ नहीं हुआ है। उन्होंने जोर दिया, आपको यह समझना होगा कि आज हम जो कुछ भी हैं, वह हमारे सात दशक के अच्छे काम की वजह से है। राष्ट्रीय महत्व के संस्थान और उत्कृष्टता केंद्र का दर्जा पाने में समय लगता है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि लोग सामान्य और छोटी-मोटी बीमारियों के साथ दिल्ली एम्स आते हैं, जिनका इलाज राज्य सरकार के मेडिकल कॉलेज या किसी जिला अस्पताल में हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह भी यहां भीड़ होने की वजह है, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रमुख अस्पताल में रोजाना 12,000 से 15,000 मरीज आते हैं। देश के इस प्रतिष्ठित संस्थान के निदेशक ने कहा, एक सीमा के बाद संख्या अधिक होने से अंततः गुणवत्ता कम हो सकती है। इसके अलावा, हम चुन-चुनकर काम नहीं कर सकते। हम एक हद तक, उन रोगियों को प्राथमिकता देते हैं जिनके मामले जटिल होते हैं और जिन्हें रेफर किया जाता है। उन्होने कहा, 'हम हमेशा लोगों से कहते हैं कि अगर आपको कोई जटिल बीमारी है, उपचार सफल नहीं रहा या जब किसी विशेष राज्य या शहर या मेडिकल कॉलेज का डॉक्टर कहता है कि यह मेरी विशेषज्ञता और क्षेत्र से परे है...तो कृपया हमारे पास आएं...यह केवल एम्स जैसे संस्थानों में ही संभव है।' भारत के प्रमुख अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में जवाबदेही और भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत किए गए उपायों का विस्तार से जिक्र करते हुए डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि देश के अधिकतर सरकारी संस्थान इन समस्याओं का सामना करते हैं। उन्होंने कहा, जब आपूर्ति और मांग में असंतुलन होता है... तो कुछ लोग ऐसे होंगे जो उन चीजों का फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। पिछले दो वर्ष से हम प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था और प्रक्रियाएं स्थापित करने की खातिर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

# पेड न्यूज और सोशल मीडिया पर पैनी नजर बनाकर रखे एमसीएमसी कमेटी: जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह

सिटी दर्पण
करनाल



- जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में स्थापित एमसीएमसी कमेटी का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण
- एमसीएमसी सदस्यों को डीसी उत्तम सिंह ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मीडिया मॉनिटरिंग (एमसीएमसी) कमेटी विधानसभा चुनाव के दौरान प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया में पेड न्यूज पर पैनी नजर बनाकर रखे। यदि कोई उम्मीदवार पेड न्यूज प्रिंट मीडिया में प्रकाशित करवाता है या इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर चलाता है तो इसे उसके चुनावी खर्च में जुड़वाया जाए। इसके अतिरिक्त चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी झूठी व बेबुनियाद खबरों पर भी नजर बनाकर रखें ताकि समय पर ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके और सही जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बुधवार को जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के कार्यालय में बनाई गई मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मीडिया मॉनिटरिंग (एमसीएमसी) कमेटी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कमेटी को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। डीसी उत्तम सिंह ने सर्वप्रथम कमेटी के सदस्य सचिव डीआईपीआरओ मनोज कौशिक से न्यूज मॉनिटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात एमसीएमसी के सदस्यों डॉ. अमरदीप देशवाल, डॉ. प्रदीप जाखड़ा एवं डॉ. देवकर्ण सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस अवसर पर लॉग रजिस्टर व अन्य दस्तावेजों का भी बारीकी से अवलोकन करते हुए जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि एमसीएमसी का बेहद संवेदनशील कार्य है, ऐसे में सभी सदस्य जागरूकता और सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उम्मीदवार व राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व, एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा। वहीं प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन का भी प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। प्रचार सामग्री का प्रमाण पत्र लेने के लिए 48 घंटे पहले एमसीएमसी के पास प्रमाण पत्र के लिए निर्धारित फॉर्म में आवेदन करना होगा। एमसीएमसी कमेटी का कार्य पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि विधानसभा आम चुनाव के दौरान उम्मीदवार एवं राजनीतिक दल चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन एवं प्रसारण के लिए प्रमाण पत्र लेने के लिए लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर कमरा नंबर-19, डीआईपीआरओ कार्यालय में स्थापित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग सेल में संपर्क कर सकते हैं। डीआईपीआरओ मनोज कौशिक ने जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह को एमसीएमसी की जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा पेड न्यूज व राजनीतिक विज्ञापनों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं तथा कमेटी के सदस्य एलईडी स्क्रीन व समाचार पत्रों के माध्यम से विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर पेड न्यूज व राजनीतिक विज्ञापनों की प्रभावी रूप से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। साथ ही पेड न्यूज से संबंधित रिपोर्ट जिला निर्वाचन विभाग को भेजी जा रही है। एमसीएमसी कमेटी चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर राजनीतिक चुनाव प्रचार की मॉनिटरिंग कर रही है। इस दौरान एआईपीआरओ रघुबीर सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को वोट डालने के प्रति किया जाए अधिक जागरूक : अग्रवाल

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



- दिव्यांग व 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाताओं के घर से वोट डालने का विकल्प लिया जाए

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री पंकज अग्रवाल ने हरियाणा विधानसभा के आम चुनाव को लेकर सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओ को वोट डालने के लिए और अधिक जागरूक करने का काम करें।

पंकज अग्रवाल आज चण्डीगढ़ में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नामांकन के समय रिटर्निंग अधिकारी के पास मतदाता सूची होनी चाहिए, क्योकि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सबसे पहले उम्मीदवार/ प्रस्थापक की वोट को चेक किया जाता है। इसके अलावा, सभी जिला निर्वाचन अधिकारी अपने-अपने जिलों की जिला चुनाव प्रबंधन योजना व जिला चुनाव कम्युनिकेशन योजना तैयार कर इसे मुख्य निर्वाचन कार्यालय में पहुचाना सुनिश्चित करें।

पंकज अग्रवाल ने कहा कि चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए स्वीप गतिविधियां सभी जिला स्तर, विधानसभा क्षेत्रों तक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जिन पोलिंग स्टेशनों पर मतदान कम हुआ था वहां स्वीप गतिविधिया अधिक की जाए। ताकि इन मतदान केद्रों पर मत प्रतिशत बढ़ सके।

उन्होंने कहा कि दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक के मतदाताओं के घर से वोट डालने का विकल्प लेने के लिए फार्म 12-डी ऐसे मतदाताओ के घर से समय पर बीएलओ के माध्यम से इकट्ठा करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि नए वोट बनवाने के लिए 2 सितम्बर तक प्राप्त फार्म 6 व फार्म 8 को लंबित न रखे और नियमानुसार कार्यवाही की जाए। इस पर नामांकन के अंतिम दिन यानी 12 सितम्बर तक फैसला कर लिया जाए। ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि फैसले उपरांत जिन मतदाताओं का नाम पूरक वोटर लिस्ट में प्रकाशित हों उनके फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र डाक विभाग के माध्यम से भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी की जिम्मेवारी बनती है कि वे चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के अपने कर्तव्यों के महत्व को समझे और पूरी निष्ठा, निष्पक्षता के साथ इसका निर्वहन करें।

# आईटीआई में छात्रों को मतदान के प्रति किया जागरूक

सिटी दर्पण
तोशाम



स्थानीय सरकारी आईटीआई में बुधवार को रिटर्निंग अधिकारी कम एसडीएम डॉ. अश्विर सिंह नैन के कुशल मार्गदर्शन में निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत छात्रों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। जहां उन्हें मतदान के प्रति जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई।

इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर जसवंत सिंह ने कहा कि चुनाव के दिन पहले मतदान करके इसके बाद खान पान करें। उन्होंने उपस्थित छात्रों को चुनाव में मतदान के महत्व व कौन-कौन व्यक्ति अपने मत का प्रयोग कर सकता है इस बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से आह्वान करते हुए कहा कि वे लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर भाग लें और आगामी 05 अक्टूबर, 2024 को होने वाले हरियाणा 15 वें विधानसभा चुनाव-2024 में अपने मत का प्रयोग करें। साथ ही अपने सभी सगे संबंधियों और आस-पास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें।

इस अवसर पर उपस्थित स्टाफ व छात्रों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। वहीं अन्य वक्ताओं ने छात्रों को मतदान के लिए जागरूक करते हुए अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए अपने विचार उनके साथ सांझा किए। इस अवसर पर आईटीआई के प्रिसीपल रविन्दर सिंह, वीरेन्दर सिंह सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# जय महाभारत पार्टी ने विधान सभा चुनाव 2024 के लिए एजेंडा पेश किया

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



जय महाभारत पार्टी के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवान श्री अनंत विष्णु (प्रभु) और पार्टी नेताओं ने प्रेस क्लब चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विधान सभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी का चुनावी एजेंडा पेश किया। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी विधान सभा चुनाव में 90 सीटों पर चुनाव लडेगी। इस अवसर पर उन्होंने अपनी पार्टी का विधान सभा चुनाव के लिए एजेंडा पेश किया।

उन्होंने कहा कि हम संपूर्ण हरियाणा राज्य में शराब पर पाबंदी लगाएंगे, जरूरतमंद महिलाओं को कम दामों में मकान बनाने के लिए भूमि उपलब्ध करवाएंगे और 25 पैसे ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही राज्य में एलपीजी गैस पर पाबंदी लगाकर सोलर स्टोव कम दामों में उपलब्ध कराएंगे और मात्र 50 व 100 रुपए में गोबर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराकर रसोई घर का खर्च कम करेंगे और रोज मारा खाद्य पदार्थ वस्तुओं में भी दाम कम कराकर आर्थिक बोझ कम करेंगे। उन्होंने कहा कि संपूर्ण हरियाणा में नए स्कूल और कॉलेज बनाकर बेहतर मुफ्त शिक्षा प्रदान करेंगे और संपूर्ण हरियाणा में नए अस्पतालों को बनाकर बेहतर मुफ्त चिकित्सा और दवाइयां उपलब्ध करवाएंगे। इसके साथ ही संपूर्ण हरियाणा राज्य को भारत का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संपूर्ण हरियाणा में सभी नदियों को जोड़कर खेती बाड़ी करने वाले और स्वच्छ पीने का पानी और सिंचाई योग्य स्वच्छ पानी की व्यवस्था को सुचारु किया जाएगा, किसानों को एम एस पी मुहैया करवाई जाएगी, हर गांव में सरकारी मार्केट यार्ड बनाकर किसानों से फसल लेकर उसके उक्त पैसे तुरंत दिए जाएंगे। इसके साथ ही नई टैक्स पॉलिसी बनाकर जीएसटी 28% से हटाकर टैक्स 16% लागू करके जनता को राहत देंगे। राज्य में विधायकों को अपने क्षेत्र में स्थाई कार्यालय एवं आवास बनाकर जनता की समस्याओं को शीघ्र समाधान करने की व्यवस्था बनाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य में 100% बेरोजगारी को खत्म करके सभी को रोजगार का प्रदान करेंगे और बेहतर सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेंगे। पेड़ पौधे लगाकर प्रकृति का सौंदर्यकरण करेंगे, जिससे सभी को ऑक्सीजन मिलती रहे, सभी का स्वास्थ्य बेहतर रहे और पशु पक्षियों का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके साथ ही राज्य में हर प्रकार की महंगाई पर नियंत्रण करेंगे और मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोकथाम लगाएंगे। जनता पर हो रहे हर प्रकार के अत्याचार पर विराम लगाकर अच्छा लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करेंगे।

उन्होंने कहा फौजियों के परिवार को किसी भी सरकारी कार्य के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उनका हर प्रकार का कार्य घर पर ही बैठकर सरकार द्वारा करवाया जाएगा, क्योंकि फौजी सरहद पर देश रक्षा करता है, जिसकी बदौलत हर भारतीय सुख चैन की नींद सोता है।

## संक्षिप्त-समाचार

### आम आदमी पार्टी की बाइक रैली को हर क्षेत्र में मिल रहा भरपूर समर्थन : वीरेन्द्र नरवाल



हिसार।आम आदमी पार्टी युवा इकाई के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र नरवाल ने कहा है कि पार्टी की ओर से हर विधानसभा क्षेत्र में निकाली जा रही बाइक रैली को जनता का अभूतपूर्व साथ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के हर विधानसभा क्षेत्र में युवाओं सहित आम जनता ने इसमें शामिल होकर पार्टी को मजबूती दी। वीरेन्द्र नरवाल ने कहा कि अब तक जिले के चार विधानसभा हलकों में यह बाइक रैली निकाली जा चुकी है। इसका हर हलके में भरपूर स्वागत हुआ वहीं आम जनता ने भी पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों को पंसद किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग ही आम आदमी पार्टी की रीढ़ की हड्डी है वहीं पार्टी के पास भी युवाओं के लिए रोजगार सहित अनेक योजनाएं हैं, जिसके चलते युवा वर्ग पार्टी की नीतियों से सबसे ज्यादा प्रभावित है। उन्होंने कहा कि युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं सहित हर वर्ग ने पार्टी की ओर से बाइक रैली निकालकर चलाए जा रहे अभियान में साथ दिया। बाइक रैली में मुख्य रूप से युवा जिला सचिव प्रदीप श्योरान, नरेंद्र उकलाना, कमल सोलंकी, रोशन दौलतपुर, रमेश वर्मा, रोशन राव, हरपाल पूनिया, कुलदीप, कपिल, अंकित, सुरेश व सुनील सहित अनेक युवा शामिल रहे और उन्होंने इसे सफल बनाया।

### जीवन चानन महाविद्यालय में भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता का किया आयोजन

असन्ध। जीवन चानन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के निदेर्शानुसार प्रतिभा खोज के अंतर्गत भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर के भाग लिया। छात्राओं ने अपने विचार भाषण के माध्यम से नारी अस्मिता, डिजिटल भारत ,कृत्रिम बुद्धिमता, मतदान महादान विषय पर अपने सुंदर विचार प्रस्तुत किये। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेखा शर्मा ने कहा की इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि छात्राओं में जितना आत्मविश्वास होगा वह अपनी बात को इतनी ही सरलता से दूसरों के सामने प्रकट कर सकता है। हमें निरंतर ऐसी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। जिसे हमारे व्यक्तित्व मे निखार उभर कर के आए। हमारा व्यक्तित्व ही हमारी पहचान होता है। उन्होंने नारी सशक्तिकरण को लेकर के भी विचार सांझा किये और उन्होंने कहा की संस्कर ही मानव को महान बनाता है । हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. हेमलता शर्मा एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. नीतू सेठी की देखरेख में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई । मंच संचालन छात्र वृद्धि के द्वारा किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रतिमा, द्वितीय स्थान वृद्धि,व तृतीय स्थान सिमरन ने प्राप्त किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वृद्धि द्वितीय स्थान चाहत व तृतीय स्थान प्रतिमा ने प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका रजनी बजाज , सोनिया दुहन व रिद्धि ने बड़ी कुशलता के साथ निभाई ।इस अवसर पर डॉ. रेखा बंसल ,डॉ. सिमरतपाल , डॉ हेमलता शर्मा, केडी शर्मा, मनीषा फोगाट आशा बत्रा उपस्थित रहे।



# नेशनल ओपन एथलीट चैंपियनशिप में जाने के नहीं थे पैसे, कांस्य पदक जीत कर घर लौटा रोहित

सिटी दर्पण
यमुनानगर



30 अगस्त से दो सितंबर तक बेंगलुरु में हुई 63वीं नेशनल ओपन एथलीट चैंपियनशिप में कांसापुर निवासी रोहित ने 2.11 मीटर हाई जंप लगाकर कांस्य पदक हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में जाने के लिए रोहित के पास रुपये भी नहीं थे। पिता के दुनिया में न होने पर क्षेत्र के कुछ लोगों ने उसकी आर्थिक मदद की। जिसके बाद वह प्रतियोगिता में पहुंचा। जहां कड़े मुकाबलों में उसने 2.11 मीटर ऊंची कूद लगाकर कांस्य पदक जीतकर यमुनानगर का नाम चमकाया। अब उसका साउथ एशियन गेम्स में भी चयन हो गया है।

कांस्य पदक जीत कर कांच चंद्रपाल राणा के साथ लौटे रोहित ने बताया कि वह गरीब परिवार से है। उसके पिता कुछ साल पहले इस दुनिया को अलविदा कहकर चले गए थे। लेकिन उसके कोच ने उसका हाई जंप में अच्छा अभ्यास कराया। कुछ दिनों पहले उसे बेंगलुरु में 63वीं नेशनल ओपन एथलीट चैंपियनशिप के होने का पता चला। लेकिन उसके पास चैंपियनशिप में जाने के लिए पैसे नहीं थे। रोहित ने बताया की उसके फिजियोथेरेपी डॉक्टर विकास कुमार से बातचीत की। डा. विकास व उनके दोस्तों ने उसकी आर्थिक मदद की। कोच चंद्रपाल राणा, कोमल, रोहन, डॉ. हिमप्रीत, डॉ. शिल्पा आदि की मदद से वह चैंपियनशिप में पहुंचा। जहां उसने कोच चंद्रपाला राणा की मदद से 2.11 मीटर ऊंची कूद लगाकर कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले वह तेजली खेल परिसर में कई माह से अभ्यास कर रहा है। रोहित ने बताया की उसका भी सपना है कि एक दिन वह भी अपने देश के लिए ओलंपिक में खेलकर स्वर्ण पदक हासिल करें और अपने जिले व देश कर नाम रोशन करें। लेकिन उसके इस सफर में उसकी

# जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक का आयोजन

सिटी दर्पण
करनाल

सिविल सर्जन ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप सिविल सर्जन डॉ0 अनु शर्मा (वी0बी0डी0) ने सभी विभागों से आए हुए अधिकारियों का स्वागत किया और बैक्टीरिया जनित बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू, जेई व चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारियों की रोकथाम हेतु सहयोग देने बारे आग्रह भी किया।

डा0 अनु शर्मा ने बताया कि जिला में 2 सब डिविजनल अस्पताल, 8 सीएचसी, 25 पी0एच0सी0, 150 सब-सेंटर हैं, जो जिले में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों से मलेरिया के आंकड़े काफी कम हुये हैं, वर्ष 2020 में 2 केस थे, वर्ष 2021 में 0 केस थे, वर्ष 2022 में 1 केस था, वर्ष 2023 में 2 केस थे, जबकि इस वर्ष अब तक कोई केस नहीं है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि मलेरिया को हम काफी हद तक नियंत्रित कर पाये है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में डेंगू के 93 केस थे, वर्ष 2021 में 304 केस थे, वर्ष 2022 में 335 केस थे, वर्ष 2023 में 501 केस थे तथा इस वर्ष 3 सितम्बर तक 25 केस रिपोर्ट हुए हैं। विभाग द्वारा की जाने वाली एंटी लारवा एक्टिविटी तथा मलेरिया पॉजिटिव केसेस को दी जाने वाली आर0टी0 के द्वारा मलेरिया पर काबू पाया जा सकता है लेकिन डेंगू पर काबू पाने का एक मात्र साधन साफ-सफाई है, क्योकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। साफ-सफाई का कार्य सभी के सहयोग से ही संभव है। उप-सिविल सर्जन (वी0बी0डी0) ने यह भी अवगत कराया कि मलेरिया / डेंगू की रोकथाम के लिए विभिन्न प्रकार की आईईसी एक्टिविटी की जा रही हैं, जिसके अंतर्गत शहर मे विभिन्न स्थानों पर मलेरिया / डेंगू के प्रति जागरूकता के फ्लैक्स तथा बैनर लगवाये गए है। उन्होंने शिक्षा विभाग से अपील की कि स्कूल की छतों पर कोई ऐसा अनुपयोगी सामान न रखें जिस मे पानी इकट्ठा हो क्योंकि यह मच्छरों के पनपने का साधन बन सकता है। प्रत्येक स्कूल रविवार को ड्राई डे मनाएं तथा स्कूल की टंकियों व कूलरों को अच्छी तरह से साफ करें व स्कूलों में प्रातः की सभा में बच्चों को वेक्टर बोर्न बीमारियों के बारे में बतायें।

अतिरिक्त उपायुक्त ने शहरी निकाय को आदेश दिये कि शहर में डेंगू केसों के घरों के आस-पासें फोगिंग करवाना सुनिश्वित करें। इसके लिये दवाई अपने स्तर पर खरीदवाना सुनिश्चित करें व डेंगू से बचाव के लिए कूड़ा उठाने वाली गाड़ी पर ऑडियो के माध्यम से आईईसी करवाएं। उन्होंने सभी बीडीपीओ को आदेश दिये कि वे अपने-अपने ब्लाक के सरपंचों के सहयोग से गांव में फोंगिग करवाना सुनिश्चित करें, फॉगिंग के लिए दवाई अपने स्तर पर खरीदें व स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी/ कर्मचारी को साथ में लेकर लोगों को जागरूक करेंगे।

# जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में कंवरपाल गुर्जर ने किया 15 जगहों पर जनसंपर्क



सिटी दर्पण
यमुनानगर

कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने विधानसभा जगाधरी के अंतर्गत जगाधरी शहर, मनभरवाला, ईस्माइलपुर, लाकड़ भिलपुरा व नत्थनपुर, गनौली , सलेमपुर बांगर,संखेडा आदि 15 जगहों में आयोजित अलग-अलग जनसंपर्क कार्यक्रमों में अपने परिवारजनों से मिलकर चाय पर चर्चा की और तीसरी बार भाजपा सरकार के संकल्प के साथ वोट की अपील की।जनता की हुंकार स्पष्ट है, हल्का जगाधरी तीसरी बार भाजपा सरकार के साथ है। कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने कभी संविधान के नाम पर ,आरक्षण खत्म करने के नाम पर, खटाखट पैसे देने की बात कहकर इस प्रकार के बहुत से झूठ बोलकर जनता को बहकाने और गरीब आदमी को डराने का काम किया।

अब कांग्रेस के सभी झूठ जनता के सामने उजागर हो चुके है इसलिए जिन लोगों ने लोकसभा में कांग्रेस को वोट दी अब वह विधानसभा में वोट नहीं देंगे क्योंकि जनता कांग्रेस पार्टी की सच्चाई जान चुकी है। कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि गुटबाजी कांग्रेस का कल्चर है और कांग्रेस में अलग अलग नाम से अलग अलग धड़े बने हुए हैं, भाजपा में एकता में बरकत है । उन्होंने कहा कि जो एकजुट होकर चलते हैं वही देश को आगे लेकर जाते है।

## लोगों को अपना मताधिकार करने के लिए किया प्रेरित

# सभी के सहयोग से शांतिपूर्वक ढंग से मनाया जाएगा मतदान महापर्व : अमन कुमार

सिटी दर्पण
पिहोवा



रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव 2024 को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की डयुटी विभिन्न चुनावी कार्यों पर लगा दी गई है। वे बुधवार को अपने कार्यालय में विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

रिटर्निंग अधिकारी अमन कुमार ने कहा कि समाज के उत्थान में पत्रकारों का हमेशा से सहयोग रहा है। उन्होंने पत्रकारों से उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया। एसडीएम अमन कुमार ने पत्रकारों को विधानसभा आम चुनाव-2024 की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए नोटिफिकेशन 5 सितंबर 2024 को होगा और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 12 सितंबर होगी। इन नामांकन पत्रों की छंटनी का कार्य 13 सितंबर को होगा और 16 सितंबर तक नामांकन वापिस लिया जा सकता है।इस शैडयूल के अनुसार 5 अक्टूबर को मतदान होगा और 8 अक्टूबर को मतगणना होगी और 10 अक्टूबर से पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी करवानी होगी। उन्होंने कहा कि पिहोवा में 125 स्थानों पर 204 बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 107 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में तथा 18 बूथ शहरी क्षेत्र में स्थापित हैं। उपमंडल पिहोवा में कुल 1 लाख 86 हजार 786 मतदाता मतदान करेंगे। इनमें से 96 हजार 677 पुरुष मतदाता, 90 हजार 105 महिला मतदाता तथा 4 मतदाता थर्ड जेंडर के हैं।

उन्होंने कहा कि मतदान वाले दिन 85 वर्ष की आयु से अधिक वाले मतदाता, दिव्यांग मतदाता तथा कोविड शंकित मतदाताओं को अलग से मतदान की सुविधा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर का भी प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा स्थापित ऑनलाईन पोर्टल सक्षम पर भी व्हील चेयर के लिए रिक्वेस्ट भेजी जा सकती है। विधानसभा आम चुनाव 2024 को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाना हम सभी की जिम्मेवारी है। यदि चुनावों से सम्बंधित कोई भी अप्रिय घटना अथवा कुछ अन्य के बारे में पता चलता है तो सी-विजिल एप पर इसकी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। इसके अतिरिक्त टॉल फ्री नम्बर 1950 पर भी यह शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार स्वयं को राजनीतिक गतिविधियों से दूर रखेंगे। किसी भी राजनीतिक पार्टी या प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव -2024 को शांतिमय ढंग से सम्पन्न करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा प्रत्येक व्यक्ति पर निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन द्वारा निष्पक्ष, शांतिपूर्वक और पारदर्शिता से चुनाव करवाने के लिए पूरी तैयारियां की जा रही हैं। सभी पोलिंग बूथों पर सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशासन द्वारा अधिकारी और कर्मचारियों की टीमों का गठन किया गया है। सभी टीमों को उनके कार्यों से संबंधित जरूरी प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। प्रशासन का हर संभव प्रयास है कि कहीं भी आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो, इसके लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। इनके द्वारा उनके संबंधित क्षेत्रों में निगरानी की जा रही है। पोलिंग बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय और रैंप आदि सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर सभी पत्रकार व छायाकार उपस्थित थे।

# दलीप ट्रॉफी: लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी करने वाले पंत पर होगी निगाह

## आज से बेंगलुरु और अनंतपुर में हो रहा है लीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**एजेंसी**
बेंगलुरु

दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पहली बार लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गुरुवार से बेंगलुरु और अनंतपुर में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र होंगे। पंत ने चोटों से उबरने के बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफल वापसी की लेकिन वह अभी तक लंबी अवधि के प्रारूप में नहीं खेले हैं। उन्होंने लाल गेंद से अपना अंतिम मैच दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। अब वह अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम बी की तरफ से मैदान पर उतरेंगे जिसका मुकाबला यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टीम ए से होगा। सीमित ओवरों की क्रिकेट में वापसी करने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई लेकिन यह चार दिवसीय टूर्नामेंट उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश करेगा क्योंकि उन्हें विकेटकीपर और बल्लेबाज के रूप में लंबा समय मैदान पर बिताना पड़ सकता है। पंत को टीम बी का विशेषज्ञ विकेटकीपर नियुक्त किया गया है जिससे पता चलता है कि भारत के टेस्ट क्रिकेट में आगे व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति इस विकेटकीपर बल्लेबाज की वापसी को लेकर कितनी गंभीर है। चयन समिति के लिए हालांकि विकेटकीपर का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि कुछ अन्य मजबूत दावेदार भी हैं। इनमें टीम ए की तरफ से खेलने वाले ध्रुव जुरेल भी शामिल है जिन्होंने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पदार्पण श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उनके अलावा ईशान किशन भी हैं जो श्रेयस



अय्यर की अगुवाई वाली टीम डी के विकेटकीपर हैं। टीम डी का मुकाबला अनंतपुर में टीम सी से होगा जिसकी कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ को सौंपी गई है। चयन समिति इसके अलावा विशेषकर तेज गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के विकल्प तलाशने पर भी ध्यान देगी क्योंकि भारतीय टीम का आगे काफी व्यस्त कार्यक्रम है। सिराज अस्वस्थ होने के कारण टूर्नामेंट के पहले दौर में नहीं खेल पाएंगे जबकि शमी अभी ऑपरेशन के बाद पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। ऐसे में चयनकर्ता बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और आकाशदीप पर पैनी नजर रखेंगे। इनके अलावा अर्शदीप सिंह, अवेश खान, खलील अहमद, विदवथ कावेरप्पा, वैसाख विजयकुमार और हर्षित राणा भी चयन समिति को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे।

### टीम इस प्रकार हैं:

**भारत एः** शुभमन गिल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएल राहुल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियन, कुलदीप यादव, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, अवेश खान, विदवथ कावेरप्पा , कुमार कुशाग्र, शास्वत रावत।

**भारत बीः** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी (फिटनेस के आधार पर), वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, यश दयाल, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीसन।

**भारत सीः** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, बी इंद्रजीत, रितिक शौकीन, मानव सुथार, गौरव यादव, विशाक विजयकुमार, अंशुल खंबोज, हिमांशु चौहान, मयंक मारकंडे, आर्यन जुयाल , संदीप वारियर।

**भारत डीः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, इशान किशन (विकेटकीपर), रिकी भुई, सारांश जैन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, तुषार देशपांडे, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत, सौरभ कुमार।

# विश्व चैम्पियन सचिन खिलाड़ी ने शॉटपुट में रजत पदक जीता

**एजेंसी**
पेरिस

विश्व चैम्पियन सचिन सरजेराव खिलाड़ी ने पेरिस पैरालम्पिक में पुरूषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड 16-32 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता जिससे बुधवार को यहां भारत का ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा में पदक हासिल करने का सिलसिला जारी रहा। 34 वर्ष के खिलाड़ी ने दूसरे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका और मई में जापान में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले 16.30 मीटर के अपने ही एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर किया। सचिन खिलाड़ी का यह व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास हालांकि उन्हें पहला स्थान दिलाने के लिए काफी नहीं था और कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर के प्रयास से तोक्यो पैरालम्पिक में जीता स्वर्ण बरकरार रखा। क्रोएशिया के लुका बाकोविच ने 16.27 मीटर से कांस्य पदक जीता। खिलाड़ी का रजत पेरिस पैरालम्पिक में एथलेटिक्स में भारत का 11वां पदक है जिससे देश के कुल पदकों की संख्या 21 पहुंच गयी जिसमें तीन स्वर्ण पदक शामिल हैं। एफ46 श्रेणी में वे खिलाड़ी होते हैं जिनकी भुजाओं में कमजोरी है, मांसपेशियों की शक्ति क्षीण है या भुजाओं में निष्क्रिय गति की सीमा क्षीण है। ऐसे एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं। रजत पदक जीतने के बाद खिलाड़ी ने कहा, 'मैं स्वर्ण पदक जीतना चाहता था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास था लेकिन मैं संतुष्ट नहीं हूं। मुझे लगता है कि मैं बेहतर कर सकता था। आज मेरा दिन नहीं था।' उन्होंने कहा, 'कड़ी प्रतिस्पर्धा थी और ग्रेग स्टेवार्ट शानदार खिलाड़ी हैं। मैंने अपनी तकनीक में छोटी सी गलती की। मैं कड़ी मेहनत करूंगा और मुझे उम्मीद है कि अगली बार उसे हराऊंगा। ' इसमें हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में मोहम्मद यासेर ( 14.21 मीटर ) और रोहित कुमार ( 14.10 मीटर ) क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर रहे। मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर चुके खिलाड़ी ने पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। महाराष्ट्र के सांगली जिले के करगानी गांव



के एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले खिलाड़ह को स्कूल के दिनों में एक दुर्घटना का सामना करना पड़ा। चोट के कारण उनकी कोहनी की त्वचा में 'गैंग्रीन' हो गया। कई सर्जरी के बाद भी उनका हाथ कभी ठीक नहीं हो पाया। बचपन में ही उनकी मां का भी देहांत हो गया था। इन सभी बाधाओं के बावजूद उन्होंने इंजीनियर बनने के लिए पढ़ाई के दौरान भाला फेंकना शुरू कर दिया। प्रतियोगिता के दौरान कंधे में चोट लगने के कारण उन्होंने शॉटपुट खेलने के लिए बाध्य होना पड़ा। खिलाड़ी को 2015 में पैरा खेलों से परिचित कराया गया और बाद में उनकी मुलाकात कोच सत्यनारायण से हुई जिन्होंने उनके खेल को बेहतर बनाने में उनका साथ दिया। उन्होंने यूपीएससी और महाराष्ट्र लोक सेवा परीक्षा की तैयारी में छात्रों की सहायता की और विभिन्न संस्थानों में 'विजिटिंग फैकल्टी' के तौर पर भी काम किया। इससे पहले भारत का ट्रैक एवं फील्ड दल का एक पैरालंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तोक्यो में रहा था जिसमें एक स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक शामिल थे।

# नवारो, सबालेंका, टियाफो और फ्रिट्ज अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी**
न्यूयॉर्क

अमेरिका की एम्मा नवारो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा। पुरुष वर्ग में अमेरिका के दो खिलाड़ियों 20वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो और 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां यह दोनों आमने-सामने होंगे। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि 18 वर्षों में पहली बार अमेरिका का कोई खिलाड़ी पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाएगा। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली 13वीं वरीयता प्राप्त नवारो ने मंगलवार को फ्लशिंग मीडोज में हमवतन पाउला बडोसा को 6-2, 7-5 से हराया। नवारो क्वार्टर फाइनल के इस मैच के दूसरे सेट में एक समय पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने आखिरी छह गेम जीत कर पासा



पलट दिया। उन्होंने पिछले मैच में गत चैंपियन कोको गॉफ के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन किया था। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका को पिछले महीने पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन को 6-1, 6-2 से पराजित करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर भी इस मैच के गवाह बने। संन्यास लेने के बाद पहली बार वह दर्शक के रूप में अमेरिकी ओपन में पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका साल का दूसरा और कुल मिलाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने की कवायद में हैं। वह अमेरिकी ओपन में लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पहुंची हैं। सबालेंका पिछले साल उपविजेता रही थी।

# प्रांजलि धूमल ने विश्व बधिर निशानेबाजी चैम्पियनशिप में कांस्य जीता

**नई दिल्ली।** भारत की प्रांजलि धूमल ने जर्मनी के हनोवर में विश्व बधिर निशानेबाजी चैम्पियनशिप में महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल वर्ग में कांस्य पदक जीता। प्रांजलि ने बधिर विश्व रिकार्ड और चैम्पियनशिप रिकॉर्ड के साथ 571 स्कोर करके फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में उन्होंने आठवीं सीरिज में पांच में से तीन निशाने लगाकर क्रोएशिया की लाना एस को एक अंक से हराया। उनका स्कोर 29 रहा। यूक्रेन की सोफिया ओलेनिच और हालिना मोसिना को क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक मिले। भारत की अनुया प्रसाद फाइनल में पांचवें स्थान पर रही जबकि वेदिका शर्मा क्वालीफिकेशन दौर से ही बाहर हो गई। भारत ने अब तक टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं।

# मैंने स्पिनरों के खिलाफ अपने डिफेंस पर काम किया है : गिल

**एजेंसी**
बेंगलुरु

शुभमन गिल समझते हैं कि उनका टेस्ट करियर अभी तक उम्मीदों के मुताबिक शिखर पर नहीं पहुंचा है लेकिन बायें हाथ के इस बल्लेबाज को आगामी सत्र में होने वाले पारंपरिक प्रारूप के 10 मुकाबलों में स्पिनरों के खिलाफ अपने डिफेंस में सुधार की उम्मीद है। गिल ने इस साल इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में करीब 500 रन बनाये हैं जो अभी तक टेस्ट क्रिकेट में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। अब वह 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की श्रृंखला में इसे और बेहतर बनाना चाहते हैं जिसमें उन्हें मेहमान टीम के अनुभवी स्पिनरों से चुनौती मिलेगी। दलीप ट्रॉफी में टीम ए की अगुआई करने वाले गिल ने बुधवार को यहां कहा, 'मैंने स्पिनरों के खिलाफ अपने डिफेंस पर थोड़ा और काम किया। जब आप स्पिनरों के खिलाफ 'टर्निंग' पिच पर खेल रहे होते हैं तो आपको काफी अच्छा रक्षण करने में सक्षम होना चाहिए क्योंकि



फिर आप रन जुटाने वाले शॉट खेल सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'अभी काफी अधिक टी20 खेले जा रहे हैं तो सपाट ट्रैक नहीं बल्कि बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर मुझे लगता है इससे आपका डिफेंसिव खेल थोड़ा कम हो जाता है। इसलिए इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में मेरा ध्यान इसी पर लगा है।' गिल सफेद गेंद के प्रारूपों में धमाकेदार रहे हैं लेकिन इस 24 साल के खिलाड़ी को टेस्ट प्रारूप में अभी धमाका करना बाकी है और उन्हें जल्द ही इसमें बदलाव की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में मेरा प्रदर्शन अभी तक मेरी उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है। लेकिन हमें इस सत्र में 10 टेस्ट मैच खेलने हैं और जब मैं इन मुकाबलों के बाद मुड़कर देखूंगा तो आशा करता हूं कि मेरी उम्मीदें पूरी हो जायेंगी।'

# भारतीय निशानेबाज निहाल सिंह, रूद्रांक्ष खंडेलवाल मिश्रित 20 मीटर पिस्टल फाइनल में पहुंचने में विफल

**शेटराउ।** भारतीय निशानेबाज निहाल सिंह और रूद्रांक्ष खंडेलवाल बुधवार को यहां पेरिस पैरालंपिक की मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने में विफल रहे। पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता निहाल छह सीरीज में 522 अंक के स्कोर से क्वालीफिकेशन दौर में 19वें स्थान पर रहे। अपने पहले पैरालंपिक में हिस्सा ले रहे 17 वर्षीय रूद्रांक्ष 517 अंक के स्कोर से क्वलीफिकेशन दौर में 22वें स्थान पर रहे। रूद्रांक्ष आठ साल की उम्र में एक दुर्घटना में अपना बायां पैर गंवा बैठे थे। कोरिया के जो जियोंग्डू पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड 553 अंक से शीर्ष पर रहे। एसएच1 वर्ग में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिन्हें अपनी बंदूक उठाने में मुश्किल होती है और वे बैठकर (व्हीलचेयर या कुर्सी पर) या खड़े होकर निशाना लगाते हैं। नियम के अनुसार एसएच1 वर्ग में एथलीट पिस्टल या राइफल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# बांग्लादेश से हार के बाद टेस्ट रैंकिंग में आठवें स्थान पर खिसका पाकिस्तान

**एजेंसी**
दुबई

बांग्लादेश के हाथों पहली बार टेस्ट श्रृंखला गंवाने के बाद पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) की



टेस्ट रैंकिंग में आठवें स्थान पर खिसक गया और उसकी रेटिंग 1965 के बाद पहली बार अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई। पाकिस्तान पहले टेस्ट मैच में 10 विकेट से और दूसरे मैच में छह विकेट से हार गया था। यह दोनों मैच रावलपिंडी में खेले गए थे।

आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, 'बांग्लादेश के हाथों अपने घरेलू मैदान पर श्रृंखला में करारी हार झेलने के बाद पाकिस्तान आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में दो स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गया है।' वेबसाइट के अनुसार', 'पाकिस्तान की टीम श्रृंखला से पहले छठे स्थान पर थी लेकिन लगातार हार के कारण वह वेस्टइंडीज से नीचे आठवें स्थान पर पहुंच गई है। उसके 76 रेटिंग अंक हैं। पाकिस्तान 1965 के बाद पहली बार इतने कम रेटिंग अंकों पर पहुंचा है।' बांग्लादेश 13 रेटिंग अंक हासिल करने के बावजूद पाकिस्तान से पीछे नौवें स्थान पर बना हुआ है। श्रृंखला में 2-0 से जीत के बाद हालांकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में उसको फायदा हुआ है और वह भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गया है। बांग्लादेश अब दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगा जिसका पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा।



# बदलते मौसम में खुद को कैसे रखें स्वस्थ

मानसून के सीजन में हमेशा हमें स्वास्थ्य को लेकर बहुत सावधान रहने की जरूरत होती है। हालांकि मानसून के शुरूआत में कभी धूप तो कभी बारिश हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी चुनौती पूर्ण होता है। ऐसे समय में बदलते मौसम में बीमारी के कारण कई तरह के रोग हो सकते हैं जैसे- डेंगू, मलेरिया, टाइफाड, हैजा और सबसे ज्यादा कॉमन फिवर। अगर हम मानसून में होने वाली बीमारियों की बात करें तो ऐसे मौसम में चारों तरफ जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, जिसके कारण डेंगू, मलेरिया के अलावा कई अन्य तरह के संक्रमण फैलने का डर बना रहता है। मानसून चिलचिलाती धूप और गर्मी से राहत के रूप में आता है लेकिन अक्सर नुकसान के निशान को पीछे छोड़ देता है। जल-जमाव और उच्च आर्द्रता से रोगाणु और मच्छर विकसित होते हैं और गंभीर संचारी रोग उत्पन होते हैं। ऐसे में बैक्टीरिया और फंगस की वृद्धि से इन्फ्लूएंजा, निमोनिया, अस्थमा, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, कंजक्टिवाइटिस, लेप्टोस्पायरोसिस, मलेरिया और डेंगू जैसे संक्रमण होते हैं। आज के समय में बढ़ती महंगाई के कारण अस्पताल के खर्च आसमान छू रहे हैं। एक बार अस्पताल में भर्ती होने से आपको लाखों रुपए का नुकसान हो सकता है। इसलिए, आईए जानते हैं मौसम में बदलाव स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है? आप अपने परिवार मानसून के समय कैसे स्वस्थ रख सकते हैं।

## बरतें यह सावधानियां

- व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखें।
- अपने हाथों की स्वच्छता बनाए रखें।
- साफ और सूती कपड़े पहनें।
- उबला हुआ पानी पिएं।
- इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए अदरक, इलायची, दालचीनी का सेवन करें।
- खासतौर पर बाहर के स्ट्रीट फूड खाने से बचें।
- बारिश में न भीगें।
- अपने घर में या आस-पास कहीं भी पानी इकट्ठा न होने दें।
- कूलर, प्लांटर्स, स्टोरेज और पालतू जानवरों के कटोरे में इस्तेमाल होने वाले पानी को बदलते रहें।
- मच्छरदानी, कॉइल और स्प्रे का उपयोग करें।
- दीवारों पर नमी होने पर ठीक कराएं।
- स्वच्छता बनाए रखें और अपने बाथरूम को नियमित रूप से साफ करें।
- मच्छर भगाने वाली क्रीम का इस्तेमाल करें।
- बारिश के पानी में न भीगे।
- उपयोग से पहले फलों और सब्जियों को अच्छे से धोएं।
- अपने भोजन को रसोई में ढक कर रखें।
- व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता सुनिश्चित करें।
- हैंड सैनिटाइजर और ब्रीदिंग मास्क कैरी करें।
- अगर आपके इलाके में कोई खुली नाली या गड्ढे हैं तो शिकायत करें।
- अपने बच्चों का टीकाकरण करवाएं।
- छींकने या खांसने के दौरान हमेशा अपना मुंह और नाक ढक कर रखें।

## मानसून डाइट

हालांकि बरसात के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हमेशा बढ़ती रहती हैं, इसमें सर्दी, फ्लू, वायरल बुखार आदि हो सकते हैं। हम यहां जान सकते हैं कि, बदलते मौसम में क्या खाना चाहिए? इसके लिए एक कप गर्म चाय का घूंट लेना पर्याप्त नहीं है। बदलते मौसम में स्वास्थ्य की देखभाल के लिए आपको अपनी जीवनशैली में भी बदलाव करना होगा। बारिश के महीनों में अपच, भोजन विषाक्तता और अन्य संक्रमण जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नीचे दी गयी मानसून डाइट से जानिए की इस मौसम में हेल्दी रहने के लिए क्या खाएँ।



**तरल पदार्थ**- ताजा गर्म काढ़ा, शोरबा और सूप का सेवन करें। खूब सारा पीना पिएं। ये आपके प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय और सही रखता है।

**फल**- फाइबर, विटामिन ए और सी और एंटीऑक्सिडेंट जैसे पोषक तत्वों के लिए मौसमी फलों जैसे नाशपाती, जामुन, बेर, चेरी, लीची, आडू और अनार का अधिक सेवन करें।

**सब्जियां**- यह लौकी का मौसम होता है, जैसे बोतल लौकी, करेला, नुकीली लौकी, रिज लौकी, भारतीय स्क्वैश आदि, अपने दैनिक आहार में इन सब्जियों को भरपूर मात्रा में शामिल करें।

**मसाले**- अपने आहार में हल्दी और अदरक जैसे मसाले शामिल करें क्योंकि इनमें एंटीसेप्टिक और प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाले गुण होते हैं। इस मौसम में बस घर का बना खाना ही आपके अच्छे स्वास्थ्य को बनाए

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर नगर निगम द्वारा स्टाफ के लिए प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

## प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

नगर निगम चंडीगढ़ अक्टूबर, 2024 से अपने कर्मचारियों और पार्षदों के बीच हर तीन महीने बाद खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करेगा। नगर निगम कार्यालय में बुधवार को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान यह घोषणा करते हुए मेयर कुलदीप कुमार ने कहा कि खेल न केवल कर्मचारियों को तनाव से मुक्ति दिलाएंगे बल्कि उनके स्वास्थ्य के लिए भी अच्छे होंगे। उन्होंने कहा कि इस बारे में एक एजेंडा आगामी जनरल हाउस मीटिंग में लाया जाएगा ताकि अंतिम निर्णय लिया जा सके कि हर तीन महीने के बाद चंडीगढ़ नगर निगम के पार्षदों और कर्मचारियों के बीच खेल टूर्नामेंट होंगे। उन्होंने कहा कि यह खेल प्रतियोगिता नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा 30 अगस्त को भारत के हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद के जन्मदिन के

**हर तीन महीने के बाद नगर निगम के पार्षदों और कर्मचारियों के बीच होंगे खेल टूर्नामेंट: मेयर कुलदीप कुमार**

उपलक्ष्य में खेल स्टेडियम, सेक्टर 7 में आयोजित की गई थी। उन्होंने भारत के हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद को टीम और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण, दृढ़ संकल्प और खेल भावना के लिए याद किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न खेलों के लिए नगर निगम की अलग-अलग टीमें गठित की जाएंगी तथा टूर्नामेंट के दौरान कोचों द्वारा कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे न केवल निगम बल्कि शहर का भी नाम रोशन होगा।

मेयर एवं संयुक्त आयुक्त ईशा काम्बोज ने पुरुष एवं महिला वर्ग की




100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, रस्साकशी, शतरंज एवं कैरम सहित विभिन्न खेलों के विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। 40 से अधिक महिला वर्ग के लिए आयोजित 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर कवलीन, एसडीई, रहीं जबकि द्वितीय स्थान पर सुमति रावत तथा तृतीय स्थान पर रीना रहीं। 40 वर्ष से कम आयु वर्ग की महिलाओं में 100 मीटर दौड़ में ज्योति प्रथम, एना द्वितीय तथा आशु तृतीय स्थान पर रहीं। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बलिंदर मलिक प्रथम, राकेश कुमार द्वितीय तथा विजय कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 40 वर्ष से कम आयु वर्ग के पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में दीपक कुमार प्रथम, दीपक शेरी द्वितीय तथा रोहित तृतीय स्थान पर रहे। बैडमिंटन युगल पुरुष 40 से ऊपर वर्ग में जतिन सैनी-अकिन कुमार प्रथम स्थान, अमरजीत सिंह-देवेंद्र सिवाच द्वितीय स्थान तथा डीपी सिंह-दीपक और संजीव कुमार-गुरमेज सिंह तृतीय स्थान पर रहे। बैडमिंटन युगल महिला में अलका-कवलीन कौर प्रथम, एना-शिल्पा द्वितीय तथा स्नेह लता-सुनीता रानी तृतीय स्थान पर रहे। शतरंज पुरुष वर्ग में अखिल गोयल प्रथम और दलीप ठाकुर दूसरे स्थान पर रहे। शतरंज महिला वर्ग में शिल्पा प्रथम तथा नीता (एसएचजी) द्वितीय स्थान पर रहे। वॉलीबॉल में फायर स्टेशन सेक्टर 17 प्रथम, फायर स्टेशन सेक्टर 32 द्वितीय तथा फायर स्टेशन इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 तृतीय स्थान पर रहा। रस्साकशी पुरुष वर्ग में एमओएच टीम प्रथम और अग्निशमन विभाग द्वितीय स्थान पर रहा।

# श्मशान घाट की जमीन में नगर परिषद द्वारा कूड़ा कलेक्शन प्वाइंट बनाने का लोगों ने किया विरोध

**'गांव के लोगों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'**

सिटी दर्पण
जीरकपुर

ढकोली क्षेत्र के गांव गाजीपुर जट्टां में उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया जब नगर परिषद जीरकपुर के अधिकारियों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज गांव के श्मशान घाट की भूमि में कचरा संग्रहण बिंदु बनाने की योजना के बारे में पता चला। इस मौके पर गोल्डन सैंड्स, सुषमा अर्बन व्यू, स्पैंगल कॉन्डोज, मेपल अपार्टमेंट्स, सुषमा ग्रीन विस्टा, सुषमा एलीट क्रॉस, लेकव्यू कॉम्प्लेक्स, ऑर्विस ग्रैंड, क्रिस्टल होम्स और गाँव गाजीपुर जट्टां के निवासियों ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि घनी आबादी वाली आवासीय सोसायटी के पास एक मंदिर, गुग्गा माड़ी, पीर के स्थान के साथ आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज गांव की आस्था से जुड़ा पुराने श्मशान घाट की जमीन पर कूड़ा संग्रहण स्थल बनाने के परिषद के फैसले से समुदाय में आक्रोश



फैल गया है। इस बारे में भाजपा नेता एवं प्रदेश सचिव संजीव खन्ना व गाजीपुर जट्टां के पूर्व सरपंच रणजीत सिंह मठोंडा ने कहा कि वे नगर परिषद की योजनाओं को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देंगे, इसके लिए उन्होंने डीसी को मांग पत्र दिया है प्रस्तावित योजना से गाँव गाजीपुर जट्टां के मूल निवासियों में भारी रोष है। जिन्होंने बताया कि यह कूड़ा संग्रहण प्वाइंट गांव के श्मशान घाट की भूमि में बनाया जा रहा है, जहां प्राचीन मंदिर, गुग्गा माड़ी व पीर आ स्थान भी स्थित हैं। उन्होंने कहा कि उनकी धार्मिक आस्था से जुड़े एक धार्मिक स्थल के पास कूड़ा संग्रहण स्थल के निर्माण से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, जिससे आसपास के लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा पैदा हो रहा है। लोगों के विरोध को देखते हुए भाजपा नेता एवं प्रदेश सचिव संजीव खन्ना ने नगर परिषद के प्रति सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने कहा है कि वह किसी भी कीमत पर प्रशासन को निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ाने देंगे। संजीव खन्ना ने नगर परिषद के इस फैसले के खिलाफ ग्रामीणों और स्थानीय निवासियों की लड़ाई में उनका साथ देने का भरोसा दिया। उन्होंने नगर परिषद को योजना पर पुनर्विचार करने और कचरा संग्रहण स्थल के लिए वैकल्पिक स्थल खोजने का भी आग्रह किया है। इस अवसर पर गाजीपुर जट्टां के पूर्व सरपंच रणजीत सिंह मठोड़ा, श्री राम सेवा संघ के प्रधान सुधीर कांटीवाल, गोल्डन सैंड के सचिव एस.पी. शर्मा, संरक्षक सूरज चौधरी, सोढ़ी, शम्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 2 और 3 का संचालन फिर से हुआ शुरू

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर दो और तीन यात्रियों के लिए फिर से खोल दिया गया है। इन प्लेटफार्मों का उपयोग 23 अगस्त से अपग्रेडेशन कार्य के लिए बंद कर दिया गया था। इस दौरान, रेलवे द्वारा छह ट्रेनों को रद्द कर दिया गया और 23 ट्रेनों को अन्य प्लेटफार्मों पर शिफ्ट कर दिया गया था। रेलवे मंत्रालय की मंजूरी से हुए इस अपग्रेडेशन कार्य के चलते प्लेटफार्म नंबर दो और तीन से गुजरने, शुरू होने या समाप्त होने वाली ट्रेनों को प्लेटफार्म नंबर 1, 4, 5, और 6 पर विभाजित कर दिया गया था। चंडीगढ़ और मोहाली, खरड़, और अंबाला के बीच छह ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया था। इनमें 14630 फिरोजपुर-चंडीगढ़-फिरोजपुर मोहाली में, 12242 अमृतसर-चंडीगढ़-अमृतसर खरड़ में, और 12527 रामनगर-चंडीगढ़-रामनगर अंबाला में रद्द की गई थीं। इस दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 50 मार्शल और 30 अतिरिक्त रेलवे स्टाफ को नियुक्त किया गया था, जो यात्रियों




को वैकल्पिक मार्गों पर मार्गदर्शन कर रहे थे। यात्रियों को स्टेशन पर पंचकूला की ओर से आने की सलाह भी दी गई थी। अब, कालका-हावड़ा एक्सप्रेस, हेमकुंड साहिब एक्सप्रेस, जम्मू तवी एक्सप्रेस, और होशियारपुर-आगरा कैंट एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का संचालन प्लेटफार्म नंबर दो और तीन से फिर से शुरू कर दिया गया है। गौरतलब है कि कि प्लेटफॉर्म 1 को 12 जुलाई से 17 अगस्त तक बंद रखा गया था, जिससे बुजुर्ग यात्रियों को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसका कारण यह था कि प्लेटफॉर्म 1 से विशेष ट्रेनें, जैसे वंदे भारत एक्सप्रेस और शताब्दी एक्सप्रेस, नियमित रूप से आती-जाती रहती थीं, जिससे यात्रियों को सुविधा मिलती थी क्योंकि प्लेटफॉर्म 1 पर पहुंचने के लिए सीढ़ियों का इस्तेमाल नहीं करना पड़ता था।

## 20 किलो चूरा पोस्त के साथ गिरफ्तार, एक दिन का पुलिस रिमांड

**डेराबस्सी।** डेराबस्सी पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 20 किलो चूरापोस्त सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान याकूब अली पुत्र यासीन मुहम्मद निवासी गांव हरिपुर हिंदुआं थाना डेराबस्सी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। एएसपी जयंत पुरी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त व्यक्ति राजस्थान से पोस्त लाकर डेराबस्सी इलाके में बेच रहा है। डेराबस्सी थाना प्रमुख मंदीप सिंह के नेतृत्व में एएसआई कुलदीप सिंह की टीम ने डेराबस्सी बस स्टैंड पर नाकाबंदी की हुई थी। इसी बीच पुलिस ने आरोपी को डेराबस्सी कॉलेज रोड से 20 किलो चूरा पोस्त के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से और खुलासे होने की उम्मीद है।

# नाकेबंदी के दौरान अपहरण के तीन आरोपियों को छत लाइट प्वाइंट के पास पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिटी दर्पण
जीरकपुर

बलटाना पुलिस ने नाकेबंदी दौरान एक व्यक्ति को अगवा करने के आरोप में छत लाइट प्वाइंट के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की गिरफ्त से अगवा किए गए शिवम कोहली व उसकी गाड़ी को भी छुड़ा लिया गया है। पुलिस ने पीड़ित शिवम कोहली के जानकार मुनीश निवासी पार्वती एंकलेव बलटाना की शिकायत पर बीएनएस की धारा 140(3), 61(2) तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हे फिलहाल पटियाला जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान संजीव, राजीव व सुनील तीनों आरोपी मलोट पंजाब के रहने वाले हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में शिकायतकर्ता मुनीश निवासी बलटाना ने बताया कि शिवम कोहली बीती सोमवार 2 सितंबर को अपनी पंजाब नंबर टैक्सी गाड़ी के साथ शाम करीब पांच बजे घर आया था और



उसने अपनी आर्टिगा गाड़ी साइड में खड़ी कर थी तो अगले दिन बुधवार शाम करीब सवा आठ बजे उनके घर कि बैल बजी और बहार खड़े व्यक्ति ने कहा कि बहार खड़ी आर्टिगा गाड़ी आपकी है तो उसे साइड में करो हमने दुकान खोलनी है। जिसके बाद शिवम कोहली गाड़ी को साइड करने के लिए गया तो वहां पहले से खड़े दो लोग खड़े थे और कुल तीन लोगों ने उसे गाड़ी के साथ अगवा कर लिया और वहां से फरार हो गए। जैसे ही उसे इस बात का पता चला और उसने बहार निकलकर देखा तो वह लोग शिवम को अगवा कर वहां से फरार हो गए थे। जिसकी हमने अपने तौर पर काफी तलाश कि लेकिन वह कहीं नही मिला। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। मामले के सबंध में जानकारी देते हुए जांच अधिकारी रमन धालीवाल ने बताया कि उन्होंने सुचना के तुरंत बाद नाकेबंदी कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। जांच अधिकारी ने बताया कि जांच में सामने आया है के तीनों आरोपी मलोट के रहने वाले हैं और शिवम कोहली ने उनके नाम पर लोन लिया हुआ था, जिसे अब वह भर नही रहा था, जिसके चलते शिवम को उक्त तीनों लोगों द्वारा अगवा किया गया था। लेकिन शिकायत के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर तीनों को अदालत के आदेशों पर 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## संक्षिप्त-समाचार

### राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालका में खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव आयोजित



**पंचकूला।** पिंजौर ब्लॉक के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालका में खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इसमें खंड के लगभग 400 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पिंजौर ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी श्री मती सीमा रानी और प्रिंसिपल पिंजौर और प्रिंसिपल बाड़ गोदाम के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजकुमार आर्य ने मुख्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और सभी प्रतिभागियों को उनकी परफॉर्मेंस के लिए शुभकामनाएं दी। जिला कल्चरल कोऑर्डिनेटर दीपा रानी ने बताया कि इस सांस्कृतिक उत्सव में कक्षा 5 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थी फोक ग्रुप डांस लोक,फोक डांस सोलो, रागिनी,स्किट,सोलो म्यूजिक और सोलो डांस में भाग लेते हैं तथा ब्लॉक स्तर पर विजेता बच्चे जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में अपनी प्रस्तुतियां देते हैं।खंड शिक्षा अधिकारी श्री सीमा रानी ने सभी बच्चों को हरियाणवी संस्कृति इतिहास से रूबरू कराया। ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर ने सभी बच्चों को उनकी सभी प्रस्तुतियों के लिए बधाई दी और स्कूल की प्रधानाचार्य एवं सभी स्टाफ सदस्यों को सांस्कृतिक उत्सव के सफल आयोजन के लिए भी बधाई दी। मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी श्री सतपाल कौशिक ने शिरकत की उन्होंने बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती नीलम शर्मा ने विजेता बच्चों को बधाई के साथ आशीर्वाद दिया।राज्य स्तरीय रागनी गायक सौरभ अत्री ने कहा की हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लोगों को धोती कुर्ता और पगड़ी पहननी चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तृप्ति, सरबजीत, विकास, निधि, सोनिया, क्रांति,बबीता सुशीला, सुमन,अनीता धीमान, सुमन, लता, रेखा, कुसुम,यश देवी, ममता, मुकेश,पल्लवी,नीतू,सुमन देवी,अनीता देवी, स्नेह लता, शीतल, पूनम, राजविंदर, पूजा, मीनाक्षी, हरदीप, वनिता, रीता रंजन,सोनू, सुषमा, प्रियंका, दिलीप,मंजू, बिंदु,सुलेखा,सुनीता शर्मा, अनुपम, बलजीत,देवराज, रिंपी,राजेंद्र सिंह, आरुषि, सतवीर,प्रीति,प्रीति रानी और सभी स्टाफ सदस्यों का संपूर्ण योगदान रहा।

### जीएसटी संग्रह में 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**चंडीगढ़।** वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने अगस्त 2024 के लिए राज्यवार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह डेटा जारी किया है। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में, चंडीगढ़ ने अगस्त महीने के लिए अपने जीएसटी राजस्व में 27% की पर्याप्त वृद्धि दर्ज की है। चंडीगढ़ में अगस्त 2024 के लिए कुल जीएसटी संग्रह रु 244 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान एकत्र किए गए रु 192 करोड़ की तुलना में रु 52 करोड़ की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। यह उछाल क्षेत्र में मजबूत आर्थिक सुधार और बेहतर अनुपालन को दर्शाता है, जो राष्ट्रीय राजस्व में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में चंडीगढ़ की स्थिति को मजबूत करता है। चंडीगढ़ प्रशासन इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने में व्यवसायों और करदाताओं की भूमिका को स्वीकार करता है। चंडीगढ़ प्रशासन शहर की वित्तीय सेहत और विकास को और बेहतर बनाने के लिए व्यापार-अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने और कुशल कर प्रशासन सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### पाइपलाइन पर करोड़ों खर्चने के बावजूद भी सड़क पर भर रहा पानी



**जीरकपुर।** नगर परिषद द्वारा तहसील रोड पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का काम करवाया जा रहा है, टाइल्स लगाने का काम भी लगभग पूरा होने वाला है। सड़क पर टाइल्स लगाने से पहले बरसाती पानी निकासी के लिए पाइप बिछाए गए थे। इस पुरे काम के लिए नगर एक करोड़ 27 लाख रुपए का टेंडर लगाया था। अभी सड़क पूरी नहीं हुई है लेकिन इंटरलॉकिंग टाइल्स से बनी सड़क धंसना शुरू हो गई है और बरसाती पानी की निकासी के लिए पाइप डालने के बावजूद सड़क पर पानी भर रहा है। जबकि नगर परिषद के अधिकारी काम शुरू होने से पहले दावा कर रहे थे कि सड़क पर बरसाती पानी भरेगा लेकिन सड़क पर पानी भरने की समस्या जस की तस बनी हुई है। पुलिस थाने के नजदीक टाइल्स धंसना शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सड़क का काम अभी पूरा नहीं हुआ और टाइल्स अभी से दबने लगी है, लेकिन जब सड़क बनकर तैयार हो जाएगी और उसके बाद टाइल्स धंस जाएगी तो क्या स्थिति होगी। कुछ मिनटों की बारिश के बाद सड़क पर पानी भरने के समस्या पहले की तरह हो रही है।

### समुदाय आधारित कार्यक्रम 'अन्नप्राशन' का हुआ आयोजन

**चंडीगढ़।** शहर में चल रहे पोषण माह 2024 के तहत, इंदिरा कॉलोनी के आंगनवाड़ी भवन में एक समुदाय आधारित कार्यक्रम 'अन्नप्राशन' का आयोजन किया गया, जहां छह महीने की आयु के शिशुओं की माताओं को पूरक आहार से परिचित कराया गया। एरिया एएनएम के नेतृत्व में आयोजित सत्र में ठोस खाद्य पदार्थ शुरू करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। पलसोरा में, डॉ. पूजा, चिकित्सा अधिकारी-आरबीएसके द्वारा बच्चों और उनकी माताओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और स्वच्छता पर एक सूचनात्मक सत्र दिया गया, जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की टीम ने भाग लिया। श्री सर्वेश कुमार आर्य, संयुक्त सचिव (संबल) और श्री एस. ललित ग्रोवर, अवर सचिव . जीएमएसएच-16 में, एनआरसी विभाग की डॉ. अनुराधा ने एनीमिया की रोकथाम और लोगों के बीच संतुलित आहार के लाभों को संबोधित किया। बुड़ैल के आंगनवाड़ी केंद्र में एनीमिया पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

## एमसीएम ने रिज्यूम लेखन पर सत्र आयोजित किया

**चंडीगढ़।** स्थित मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने ह्यबियॉन्ड वड्र्सः डिजाइनिंग ए रिज्यूम दैट स्पीक्स वॉल्यूम्सह्ल शीर्षक से एक सत्र आयोजित किया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को रिज्यूम लेखन कौशल प्रदान करना था ताकि उन्हें रणनीतिक रूप से रिज्यूम तैयार करने में सक्षम बनाया जा सके। यह सत्र प्लेसमेंट सेल के रोजगार संवर्धन कार्यक्रम का एक हिस्सा था। हिटबुल्सआई चंडीगढ़ के वरिष्ठ संकाय अंकुर ग्रोवर इस सत्र के वक्ता थे। एक ज्ञानवर्धक सत्र में, वक्ता ने रिज्यूम के विभिन्न खंडों, सीवी और रिज्यूम के बीच अंतर को समझाया। ग्रोवर ने रिज्यूम की विभिन्न सामग्री जैसे व्यक्ति के विवरण, दृष्टि, उद्देश्य, शैक्षणिक विवरण, पाठ्येतर उपलब्धियाँ, कॉलेज असाइनमेंट, इंटर्नशिप, व्यक्तिगत रुचियाँ आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने रिज्यूम की सामग्री के बारे में निर्णायक और स्पष्ट होने के महत्व को समझाया क्योंकि यह आवेदक की निर्दिष्ट नौकरी के लिए उपयुक्तता को व्यक्त करने का एक प्रभावी साधन होता है।

# अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की कनेक्टिविटी बढ़ने से पर्यटक होंगे आकर्षित: टंडन



सिटी दर्पण
चंडीगढ़

चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की शुरूआत होगी। इसको लेकर सीआईआईएनआर मुख्यालय में बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लेकर रोडमैप तैयार किया गया। बैठक में सीआईआई पंजाब पूर्व अध्यक्ष और टाइनोर आर्थोटिक्स लिमिटेड के सीएमडी डॉ. पी.जे. सिंह के साथ भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने हिस्सा। बैठक में उड़ान क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर चर्चा हुई। टंडन ने सुझाव दिया कि सिटी ब्यूटीफुल की विश्व में अलग पहचान है। चंडीगढ़ को हेरिटेज धरोहर के रूप में जाना जाता है। विश्व भर से टूरिस्ट चंडीगढ़ भ्रमण के लिए आता है। ऐसे में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू करना सराहनीय कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में कई देशों से संबंधित प्रतिनिधि भी बैठते हैं, जो चंडीगढ़ को लेकर अपने देशों में अच्छी फीडबैक देते हैं, जिससे पर्यटकों का रुझान लगातार चंडीगढ़ की तरफ बढ़ रहा है। इस अवसर पर आनंदपुर साहिब से सांसद मालविंद्र सिंह कांग, चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डो के सीईओ अजय वार्मा, नागरिक उड्डयन के विशेषज्ञ पी.पी. सिंह और हरियाणा सरकार के नागरिक उड्डयन के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, नवेश नरूला, तरनजीत भामरा, हरप्रीत निब्बर, विवेक कपूर, सुनील तनेजा, प्रशांत, हरिओम वर्मा, रूपिंदर सचदेवा, असीम कांत और गौरव लखनपाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## मोबाईल छीनकर भाग रहे युवकों को लोगों ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

**जीरकपुर।** एरो सिटी के आई ब्लॉक में पैदल जा रहे एक व्यक्ति का मोबाईल छीनकर भाग रहे युवकों को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया तो पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बाद तीन लोगों खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों को एक दिन के रिमांड के बाद बुधवार को जेल भेज दिया है। फिलहाल एक आरोपी फरार चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत केस दर्ज किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सतनाम सिंह निवासी गांव ककराली डेरा बस्सी हाल निवासी कारकौर डेरा बस्सी, संपत निवासी नेठ राणा जिला हनुमान गढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस को दी गई शिकायत में शिकायतकर्ता सोमवीर सागर (21) निवासी रामपुरा जिला बरेली यूपी हाल निवासी आई ब्लॉक झूगियां ने बताया की वह अपने घर से नरायनगढ़ झुंगियां काम के सिलसिले में दुपिहर करीब साढ़े 3 बजे पैदल जा रहा था। जैसे वह वह आई ब्लॉक के लाइट प्वाइंट के नजदीक पहुंचा तो पीछे से एक मोटरसाइकल पर सवार तीन युवकों ने उससे मोबाइल छीन लिया और भागने लगे।

# 50 ग्राम हीरोइन सहित एक व्यक्ति काबू, मामला दर्ज

सिटी दर्पण
जीरकपुर

रेंज एंटी नारकोटिक कम स्पेशल आपरेशन सेल रेंज रूपनगर कैंप एट मोहाली की टीम ने श्रीमती निलंबरी जगदले डीआईजी रूपनगर रेंज के निदेर्शानुसार नशा तस्करों तथा बुरे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक स्मगलर को 50 ग्राम हीरोइन सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले संबंधी जानकारी देते हुए रेंज एंटीनाकोटिक्स कम स्पेशल आपरेशन सेल रेंज रूपनगर कैंप एट मोहाली की टीम के इंचार्ज सुखविंदर सिंह एस आई ने बताया उनकी टीम ने दिनांक 3 सितंबर 2024 को गांव सिंहपुर में स्थित गोगामाड़ी के नजदीक मौजूद थी तभी उनको एक खबरी ने गुप्त सूचना दी के एक व्यक्ति हीरोइन लेकर गांव सिंहपुर के गुरुद्वारा साहिब वाली गली से गोगामाड़ी की तरफ पैदल आने वाला है जिसके पास से हीरोइन बरामद हो सकती है। सूचना के आधार पर सी सुखविंदर सिंह द्वारा अपनी टीम सहित



मौके पर नाकेबंदी की गई और एक व्यक्ति को 50 ग्राम हीरोइन सहित काबू कर लिया गया। काबू किए गए व्यक्ति की पहचान समीर पुत्र अजमत शाह निवासी धर्मपुरा, भसोढी मिल्क, थाना मिलक, जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है जिसकी उम्र करीब 26 साल है। एस आई सुखविंदर सिंह के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना जीरकपुर में मुकदमा नंबर 390 दिनांक 3/ 9/ 2024 अधीन धारा 21/61/85 एनडीपीएस एक्ट दर्ज करवाया गया। आरोपी को आज अदालत में पेश करके एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर लिया गया है।

# स्वास्थ्य विभाग ने नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



39वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक पूरे देश में मनाया जा रहा है जिसका उद्देश्य नेत्रदान के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस संबंध में जीएमएसएच 16 में नेत्र विभाग द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और आम जनता की उपस्थिति में निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सुमन सिंह ने किया। डॉक्टरों द्वारा व्याख्यान दिए गए जिसमें उन्होंने लोगों और मरीजों को नेत्रदान के महत्व के बारे में शिक्षित किया और अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों द्वारा कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक और पोस्टर प्रतियोगिताओं के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वास्थ्य सेवा निदेशक, डॉ. सुमन सिंह ने लोगों को संबोधित किया और लोगों को आगे आकर अपनी आंखें दान करने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि यह सबसे महान कार्य है जो कोई भी अपनी मृत्यु के बाद कर सकता है। उन्होंने विभाग से परिधीय स्वास्थ्य सुविधाओं में कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित करने के लिए भी कहा ताकि अधिक से अधिक लोगों को अपनी आंखें दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। नेत्र विभाग के ल्हडऊ डॉ. सुमीत कालरा ने बताया कि यह पखवाड़ा जागरूकता फैलाने, कार्रवाई को प्रोत्साहित करने और उदारता की भावना को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है जो हमारे जीवन को बदल सकता है और आश्वासन दिया कि निकट भविष्य में विभाग द्वारा इस तरह के और अधिक सार्वजनिक अभियान आयोजित किए जाएंगे।

**समझौता** | **2070 तक नेट जीरो प्राप्त करने के राष्ट्रीय लक्ष्यों को करेंगे प्राप्त**

# जल संसाधन विभाग, महाराष्ट्र सरकार और एनएचपीसी लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

**महाराष्ट्र में ऊर्जा भंडारण समाधान के रूप में पंप स्टोरेज परियोजनाओं को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा समझौता**




सिटी दर्पण
चंडीगढ़

महाराष्ट्र सरकार की नीति के अनुसार, राज्य में पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) के विकास के लिए एनएचपीसी ने दिनांक 03.09.2024 को मुंबई में जल संसाधन विभाग, महाराष्ट्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस समझौता ज्ञापन में महाराष्ट्र में 7,350 मेगावाट की कुल क्षमता की पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) की स्थापना, सर्वेक्षण, अन्वेषण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के अनुसार समय से कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

महाराष्ट्र के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस और एनएचपीसी के निदेशक (वित्त) आर.पी. गोयल की गरिमामयी उपस्थिति में, एनएचपीसी के कार्यपालक निदेशक (एसबीडी एंड सी) रजत गुप्ता और महाराष्ट्र सरकार के जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव, दीपक कपूर के बीच इस समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। यह समझौता ज्ञापन महाराष्ट्र में ऊर्जा भंडारण समाधान के रूप में पंप स्टोरेज परियोजनाओं को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा और वर्ष 2070 तक नेट जीरो प्राप्त करने के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है।